www.tamsasanket.com
वर्ष: 29 || अंक 351 || अम्बेडकरनगर
शुक्रवार
20 मार्च 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 06:12
सूर्यास्त: 06:17
अधिकतम: 27.00
न्यूनतम: 17.00



पेज 07

विशेष समाचार | लोक आस्था का संगम ... >> पेज 04 | यूट्यूबर एल्विश यादव को ... >> पेज 06 | नोरा-संजय पर महिला आयोग...

- इजरायल ने जवाबी कार्रवाई में ईरानी हेलिकॉप्टर और गैस फील्ड को निशाना बनाया।
- पश्चिम एशिया में संघर्ष तीसरे हफ्ते में और व्यापक होता जा रहा है।
- गैस फ़ील्ड पर हमले के बाद क़तर के बड़े पेट्रोलियम प्लांट पर ईरान का जवाबी हमला

# ईरान के जारी हमलों से खाड़ी देश धुआं धुआं

इजरायल पर किया 64वां हमला

## मिडिल ईस्ट तनाव: ईरान का 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4' जारी

**हाहाकार**

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान । जंग के बीच अमेरिका ईरान के तेल पर लगे बैन में ढील दे सकता है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने फॉक्स न्यूज से कहा कि ट्रम्प सरकार ईरान से जो तेल पहले से बाहर जा रहा है, उस पर लगी पाबंदियां कुछ समय के लिए हटा सकती है।

ईरान पर भले ही अमेरिकी पाबंदियां लगी हों, लेकिन फिर भी ईरान कुछ देशों को चोरी-छिपे या खास तरीकों से तेल बेच रहा है। अब अमेरिका यह सोच रहा है कि जो तेल वैसे भी बाजार में आ रहा है, उस पर लगी पाबंदियों को कुछ समय के लिए ढीला कर दिया जाए, ताकि सप्लाई खुलकर बढ़ सके और कीमतें कम हो सकें।

इसी बीच ओमान ने इस जंग को लेकर अमेरिका पर तीखा हमला बोला है।

>> (शेष पेज 06 पर)



## जंग के लिए अमेरिका को अतिरिक्त 200 अरब डॉलर की जरूरत

ईरान के साथ जारी जंग अमेरिका के लिए बेहद महंगी साबित हो रही है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, पेंटागन को इस जंग को जारी रखने के लिए करीब 200 अरब डॉलर के अतिरिक्त फंड की जरूरत पड़ सकती है। यह प्रस्ताव व्हाइट हाउस को भेज दिया गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि "बुरे लोगों को खत्म करने में पैसा लगता है।" हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि 200 अरब डॉलर का आंकड़ा अभी तय नहीं है और इसमें बदलाव हो सकता है।

### ईरान के तेल पर बैन हटा सकता है अमेरिका

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि ट्रम्प सरकार पहले से भेजे जा रहे ईरानी तेल पर लगे प्रतिबंधों को अस्थायी तौर पर हटा सकता है। उनका मकसद युद्ध के बीच बढ़ती तेल कीमतों को काबू में रखना है। उन्होंने फॉक्स बिजनेस से बातचीत में कहा, "असल में हम अगले 10 से 14 दिनों तक कीमतें नीचे रखने के लिए ईरानी तेल का इस्तेमाल खुद ईरान के खिलाफ करेंगे, जबकि हमारा अभियान जारी रहेगा।"

साउथ पार्स पर हमले के बाद ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में अन्य ऊर्जा ठिकानों पर आगे और विनाशकारी हमलों की धमकी दी और कहा कि ऊर्जा क्षेत्र पर किसी भी हमले का वह कड़ा जवाब देगा



क़तर के रास लाफ़ान औद्योगिक क्षेत्र पर ईरान के हमले के बाद काफ़ी नुकसान पहुंचा है

## सरकार बोली- सिलेंडर की पैनिक बुकिंग में कमी

- ऑनलाइन बुकिंग बढ़कर 94% तक पहुंची
- अमेरिका से एलपीजी की सप्लाई हो रही, कीमतों में बढ़ोतरी नहीं




सुजाता शर्मा
पेट्रोलियम मंत्रालय

### एलपीजी सिलेंडर बुकिंग के नियम तीन बार बदले

6 मार्च: घरेलू एलपीजी बुकिंग के लिए लॉक-इन पीरियड 21 दिन किया गया।

9 मार्च: डिमांड बढ़ने से शहरों में लॉक-इन पीरियड बढ़ाकर 25 दिन किया।

12 मार्च: ग्रामीण क्षेत्रों में सिलेंडर बुक करने का गैप 45 दिन किया गया

### सरकार ने कहा- एक दिन में 57 हजार रीफिल बुकिंग हुईं

पेट्रोलियम मंत्रालय ने बताया कि LPG सिलेंडर की सप्लाई सामान्य है। 18 मार्च को करीब 57,000 रीफिल बुकिंग हुईं। सरकार ने कॉमर्शियल LPG उपभोक्ताओं से CNG पर शिफ्ट करने की अपील की और बताया कि कई कंपनियों ने इसके लिए इंसेंटिव भी घोषित किए हैं। सुजाता शर्मा ने कहा कि मिडिल ईस्ट में हालात का सीधा असर भारत की एनर्जी सप्लाई पर पड़ता है, इसलिए सरकार अन्य जगहों से भी सप्लाई लेने की कोशिश कर रही है।

### पीएम मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस से की बात

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि पीएम मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबाह से बुधवार रात बात की। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात पर बात की और हाल की घटनाओं पर चिंता जताई। प्रधानमंत्री ने कुवैत पर हुए हमलों की कड़ी निंदा भी की। पीएम मोदी ने क्राउन प्रिंस से कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में सुरक्षित और बिना रुकावट के जहाजों का निकलना भारत के लिए बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कुवैत में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा के लिए क्राउन प्रिंस का धन्यवाद भी किया, क्योंकि वहां बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय रहता है।

>> (शेष पेज 06 पर)



# राष्ट्रपति ने अयोध्या में रामलला के किए दर्शन

## तमिलनाडु से लाए श्रीराम यंत्र की स्थापना की

**भक्ति**

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नवरात्रि के पहले दिन अयोध्या के राम मंदिर पहुंचीं। उन्होंने रामलला के दर्शन किए। दूसरे फ्लोर पर बने राम दरबार में श्रीराम यंत्र की स्थापना की। उन्होंने राम मंदिर परिसर को भी देखा। सीएम योगी ने राष्ट्रपति को मंदिर निर्माण से जुड़े कार्यों की जानकारी दी।

राष्ट्रपति ने कहा- अयोध्या में प्रभु श्रीराम ने जन्म लिया था। इस पवित्र भूमि पर कदम रखना ही मेरे लिए सौभाग्य की बात है। राष्ट्रपति करीब साढ़े 10 बजे दिल्ली से अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचीं। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम ने उनका स्वागत किया। वहीं, सीएम योगी ने कहा- दुनिया के तमाम देशों में उथल-पुथल मची हुई है। युद्ध चल रहा है। जबकि भारत में शांति है। ये नया और बदलता हुआ भारत है।



- राष्ट्रपति ने राम मंदिर परिसर को देखा। योगी ने उन्हें मंदिर निर्माण के बारे में जानकारी दी।

>> (शेष पेज 06 पर)

# बंगाल में बीजेपी की दूसरी लिस्ट जारी, 111 नाम

## एक्ट्रेस रूपा गांगुली को टिकट

**उम्मीदवारी**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली/कोलकाता/तिरुवनंतपुरम/गुवाहाटी/चेन्नई । पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने गुरुवार को कैंडिडेट्स की दूसरी लिस्ट जारी कर दी। इसमें 111 कैंडिडेट्स के नाम हैं। एक्ट्रेस रूपा गांगुली को भी टिकट दिया गया है। पार्टी ने सोमवार को 144 कैंडिडेट्स की लिस्ट जारी की थी।

इसके पहले सुबह असम विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी की। इसमें सीएम हिमंता बिस्व सरमा सहित 88 नाम हैं। हिमंता अपनी परंपरागत सीट जालुकबारी से चुनाव लड़ेंगे। वे सातवीं बार इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। 25 दिन पहले भाजपा में आए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा को भी टिकट दिया गया है।



हिमंता बिस्व सरमा

- असम में सीएम हिमंता 7वीं बार जालुकबारी से लड़ेंगे

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### जुबीन गर्ग केस की सुनवाई के लिए फास्ट-ट्रैक कोर्ट नियुक्त

गुवाहाटी । गुवाहाटी हाईकोर्ट ने असम के सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले की हर दिन सुनवाई के लिए एक विशेष फास्ट-ट्रैक सेशन कोर्ट नियुक्त किया है। बक्सा जिले की जिला जज शर्मिला भुइयां इस फास्ट-ट्रैक कोर्ट की अध्यक्षता करेंगी।

**अलर्ट मौसम**

### राजस्थान में लगातार दूसरे दिन ओले गिरे

भोपाल / लखनऊ / शिमला/ देहरादून । देश के कई हिस्सों में मौसम ने अचानक करवट ली है। राजस्थान के सीकर में लगातार दूसरे दिन तेज बरसात के साथ ओले गिरे हैं। आंधी-बारिश के कारण हुए हादसे में जैसलमेर में दो भाइयों की मौत हो गई।

मध्य प्रदेश में भोपाल, इंदौर-ग्वालियर समेत 33 जिलों में आंधी-बारिश और 3 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट है। मौसम विभाग ने अगले 3 दिन प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में 30 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे तक की रफ्तार से आंधी चलने का अनुमान जताया है।

### अस्पताल अग्निकांड में 4 अफसर सस्पेंड

कटक । कटक के श्रीराम चंद्र भंज (SCB) मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आग लगने की घटना के दो दिन बाद ओडिशा सरकार ने 4 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। इनमें अग्निशमन सेवा के 3 और विद्युत विभाग का एक अफसर शामिल है। इस बीच, विपक्षी पार्टी बीजू जनता दल ने चार जूनियर अधिकारियों के निलंबन को सिर्फ दिखावा बताया।

# नासिक में रेप के आरोप में ज्योतिषी गिरफ्तार

## पेन ड्राइव में 58 वीडियो क्लिप मिले

तमसा संकेत, एजेंसी

मुंबई/नासिक। महाराष्ट्र के नासिक में 35 साल की महिला से बार-बार रेप करने के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार मशहूर ज्योतिषी अशोक खरात (67) को लेकर नए खुलासे हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, ज्योतिषी ने एक नहीं बल्कि कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया है।

FIR के अनुसार, खरात खुद को कैप्टन कहता था क्योंकि वह रिटायर्ड मर्चेंट नेवी अफसर है। वह महिलाओं को उनकी समस्याएं हल करने का झांसा देकर अपने ऑफिस बुलाता था। वहां पहुंचने के बाद वह उन्हें नशीला पदार्थ देकर सम्मोहित करता था। वह महिलाओं को डराकर खासकर उनके पति की मौत की धमकी देकर या तंत्र-मंत्र के डर का हवाला देकर रेप करता था। जांच में यह भी सामने आया कि खरात ने अपने ऑफिस में हिडन CCTV कैमरे लगा रखे थे।



- महिला का आरोप- भविष्यवाणियों से डराता, धमकी देता था

>> (शेष पेज 06 पर)

### राज्यसभा के 73 सांसदों पर क्रिमिनल केस

नई दिल्ली । राज्यसभा के 73 सांसदों पर क्रिमिनल केस चल रहे हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) ने गुरुवार को राज्यसभा के 229 सांसदों की एक रिपोर्ट जारी की। इसमें हाल ही में चुने गए 37 सांसद भी शामिल हैं।राज्यसभा में 245 सदस्य होते हैं।

राज्यसभा के 73 सांसदों में से 36 (16%) पर गंभीर आरोप हैं। एक सांसद पर मर्डर का केस है। वहीं चार सांसदों पर हत्या की कोशिश और तीन पर महिलाओं से जुड़े अपराध के केस हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि करीब 31 सांसद (14%) सांसदों ने खुद को अरबपति घोषित किया है। बड़ी पार्टियों में कई सांसदों ने 100 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति बताई है। BJP के 6, कांग्रेस के 5, YSRCP के 4, AAP के 2, BRS के 2, NCP के 3 और अन्य दलों के 9 सांसद इस लिस्ट में हैं। एक राज्यसभा सांसद के पास औसतन करीब 120.69 करोड़ रुपए की संपत्ति है।

## पालम अग्निकांड की शोकसभा में पहुंचे केजरीवाल, बोले- बीजेपी पीड़ितों से नहीं मिलने दे रही

# दिल्ली में भाजपा और आप कार्यकर्ताओं के बीच झड़प



**शोकसभा**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । दिल्ली के पालम इलाके में हुए अग्निकांड में एक ही परिवार के 9 लोगों की मौत के बाद गुरुवार को शोकसभा हुई। इसमें आम आदमी पार्टी (AAP) और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। शोकसभा में AAP के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, विधायक आतिशी और प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज भी मौके पर पहुंचे थे।

>> (शेष पेज 06 पर)



### सौरभ भारद्वाज बोले- मुझे कुर्सी फेंक कर मारी

AAP नेता सौरभ भारद्वाज ने घटना के बाद X पर लिखा- ये शोक सभा है। ये कुर्सी भाजपा के विधायक कुलदीप सोलंकी के गुण्डों ने मुझे फेंक के मारी। मुझे नहीं लगी, हमारे पूर्व विधायक विनय मिश्रा के सिर में लगी , वो घायल हुए सोचिए एक परिवार के 9 लोग इस भाजपा सरकार की लापरवाही से मर गए और शोकसभा में अरविंद केजरीवाल जी आ रहे थे ये भाजपा की मानसिकता है।

### भारद्वाज के वीडियो दिखाने के बाद विवाद शुरू हुआ

पालम में बुधवार को हुए अग्निकांड के बाद अलग-अलग राजनीतिक दलों के नेता लगातार पीड़ित परिवार से मिलने पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में AAP संयोजक अरविंद केजरीवाल भी आने वाले थे। उनके आने से पहले सौरभ भारद्वाज और बीजेपी विधायक कुलदीप सोलंकी भी शोकसभा में कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे थे। इस दौरान सौरभ भारद्वाज ने अपने मोबाइल फोन में एक वीडियो दिखाया, जिसमें बचाव कार्य के दौरान हाइड्रोलिक मशीन के फेल होने का दावा किया गया। इस पर उन्होंने प्रशासन और सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

>> (शेष पेज 06 पर)

**सर्जरी:** दो घंटे की ऑपरेशन में डॉक्टरों ने बचाई जान, हालत अब स्थिर

# मलाशय में फंसी 500 ग्राम प्लास्टिक बोतल

- विशेषज्ञों की सलाह: समय पर उपचार और परामर्श जरूरी

बृजेन्द्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। जिले में एक 32 वर्षीय युवक के मलाशय में करीब 500 ग्राम वजन की प्लास्टिक बोतल फंस गई। असहनीय दर्द के बाद उसे अकबरपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वरिष्ठ सर्जन डॉ. विपिन वर्मा के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने दो घंटे की सर्जरी कर उसे सुरक्षित बाहर निकाला। युवक अहमदाबाद में मजदूरी करता है। उसने पहले परिजनों को पेट दर्द की शिकायत बताई थी और वहां डॉक्टर से दवा भी ली, लेकिन राहत नहीं मिली। दर्द बढ़ने पर परिजन उसे गांव ले आए और स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार, युवक 'एनल इरोटिसिज्म' नामक मनो-यौन विकार से प्रभावित है।

>> (शेष पेज 06 पर)





डॉक्टरों ने सलाह दी कि समय पर उपचार और काउंसलिंग से ऐसे जोखिमों को रोका जा सकता है और स्वास्थ्य सुरक्षित रखा जा सकता है।

### एक्स-रे से हुई पुष्टि, तुरंत हुई आपातकालीन सर्जरी

स्थानीय अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद एक्स-रे कराने की सलाह दी। रिपोर्ट में मलाशय में बोतल फंसी होने की पुष्टि हुई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे तुरंत अकबरपुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया और आपातकालीन सर्जरी शुरू की।

सर्जरी के दौरान आंत या मलाशय को कोई गंभीर नुकसान नहीं हुआ। ऑपरेशन के बाद युवक की हालत स्थिर है।

# एनआईए - एटीएस कोर्ट से तीन माओवादियों को 10 साल की सजा

## सरकार के खिलाफ युद्ध की रची साजिश, लखनऊ जेल में बंद हैं

**फैसला**

- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) से जुड़े तीन सक्रिय सदस्यों को लखनऊ की विशेष अदालत ने गुरुवार को सजा सुनाई है।
- देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) से जुड़े तीन सक्रिय सदस्यों को लखनऊ की विशेष अदालत ने गुरुवार को सजा सुनाई है। देश में आतंक फैलाने और सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश के मामले में अदालत ने तीनों आरोपियों को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास और आर्थिक दंड से दंडित किया है। वहीं 25-25 हजार का जुर्माना लगाया। यूपी STF ने 8 अक्टूबर 2010 को कानपुर के किदवई नगर थाना क्षेत्र से शिवराज सिंह बग्दावल, राजेंद्र कुमार उर्फ अरविंद और कृपाशंकर उर्फ मनोज को गिरफ्तार किया था।

>> (शेष पेज 06 पर)



### एटीएस की जांच और मजबूत पैरवी से मिली सजा

एटीएस ने विस्तृत जांच कर अदालत में ठोस साक्ष्य पेश किए। प्रभावी पैरवी के चलते एनआईए/एटीएस ने तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया। लखनऊ कोर्ट ने अदालत ने माना कि आरोपी प्रतिबंधित संगठन के सक्रिय सदस्य थे और उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ साजिश रची थी।



## सीएम योगी के निर्देश पर यूपीएसआईएफएस में जल्द स्थापित की जाएंगी पांच लैब्स

# 'योगी सरकार अपराध के बदलते तरीकों पर पांच नई लैब्स से लगाएगी ब्रेक'

■ क्वांटम कंप्यूटिंग लैब, चैलेंज्ड ऑडियो-वीडियो लैब, 3-डी प्रिंटिंग लैब, एससीएडीए लैब और डिजिटल फॉरेंसिक लैब की जाएंगी स्थापित

**निर्णय**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार ने अपराध के बदलते तरीकों पर रोक लगाने के लिए यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज में पांच नई लैब स्थापित करने का निर्णय लिया है। इन लैब के जरिये इंस्टीट्यूट के छात्र अपराध के विभिन्न स्वरूपों की जांच करने के तरीके सीख सकेंगे। इसके साथ ही यूपी पुलिस के जांबाज भी इन लैब्स से विभिन्न तरीकों से होने वाले अपराधों पर लगाम लगाने के गुण सीख सकेंगे। योगी सरकार इंस्टीट्यूट में क्वांटम कंप्यूटिंग लैब, चैलेंज्ड ऑडियो-वीडियो लैब, 3-डी प्रिंटिंग लैब, आईटी/ओटी सिक्योरिटी के लिए एससीएडीए लैब और डिजिटल फॉरेंसिक लैब शुरू करेगी।



नई लैब्स से केसों के निस्तारण में आएगी तेजी और दोषियों को जल्द सजा दिलाने में मिलेगी मदद

### डिजिटल फॉरेंसिक लैब से डिजिटल उपकरणों की डाटा रिकवरी की बढ़ेगी क्षमता

3-डी प्रिंटिंग लैब अपराध स्थलों के मॉडल तैयार करने, हथियारों के प्रतिरूप बनाने और घटनाओं के रीक्रिएशन में मदद करेगी। इससे जांच एजेंसियों को केस को बेहतर तरीके से समझने और अदालत में प्रभावी प्रस्तुति देने में सहायता मिलेगी। वहीं, एससीएडीए लैब आईटी और ओटी (ऑपरेशनल टेक्नोलॉजी) सुरक्षा से जुड़े मामलों की जांच के लिए महत्वपूर्ण होगी, खासकर औद्योगिक संस्थानों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर होने वाले साइबर हमलों की पड़ताल में अहम भूमिका निभाएगी।

### जटिल डाटा एनालिसिस को तेजी से सुलझाया जा सकेगा

यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमेशा मॉर्डन टेक्नोलॉजी अपनाने पर जोर देते हैं। इसी कड़ी में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप इंस्टीट्यूट में पांच नई लैब की स्थापना की तैयारी की जा रही है। इसमें क्वांटम कंप्यूटिंग लैब के माध्यम से जटिल डाटा एनालिसिस और एन्क्रिप्शन से जुड़े मामलों को तेजी और सटीकता से सुलझाया जा सकेगा। यह लैब साइबर अपराधों की जांच में विशेष रूप से उपयोगी साबित होगी। वहीं, चैलेंज्ड ऑडियो-वीडियो लैब उन मामलों में अहम भूमिका निभाएगी, जहां खराब गुणवत्ता वाले ऑडियो या वीडियो को स्पष्ट कर साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल करना होता है।

इन लैब्स के शुरू होने से प्रदेश में अपराधों की जांच और साक्ष्य विश्लेषण की क्षमता में बड़ा सुधार होगा। गौरतलब है कि वर्तमान में इंस्टीट्यूट में पांच लैब्स संचालित हैं।

## इजराइल-ईरान तनाव के बीच परिवारों की लखनऊ वापसी

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। मिडिल ईस्ट में इजराइल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण खाड़ी देशों में काम करने वाले भारतीयों के बीच डर का माहौल है। हालात और बिगड़ने की आशंका के बीच लखनऊ समेत यूपी के कई लोग अपने परिवार के साथ वापस लौट आए हैं। लखनऊ एयरपोर्ट पर पहुंचे यात्रियों ने बताया कि पिछले कई दिनों से वे डर और बेचैनी के माहौल में रह रहे थे। बस यही दुआ कर रहे थे कि किसी तरह सुरक्षित अपने देश लौट सकें। वापस लौटे यात्री एहसान ने कहा- सोशल मीडिया पर हालात को बहुत ज्यादा डरावना दिखाया जा रहा है। बहरीन-कुवैत बॉर्डर पर थोड़ी स्थिति खराब जरूर है, लेकिन सऊदी अरब के अंदर सब कुछ सामान्य है। वहां रोजमर्रा की जिंदगी सामान्य तरीके से चल रही है। मध्य-पूर्व में इज़राइल-ईरान तनाव के बीच जहां एक तरफ डर और अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। वहीं लखनऊ लौट रहे प्रवासी भारतीयों के अनुभव इस तस्वीर का दूसरा पहलू भी सामने ला रहे हैं। गुरुवार को लखनऊ पहुंचे एहसान, जो पिछले 10 सालों से सऊदी अरब में अकाउंटेंट के पद पर काम कर रहे हैं, उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर जो दिखाया जा रहा है, जमीनी हकीकत उससे काफी अलग है। हालात सामान्य हैं।

■ मिडिल ईस्ट से लौटे यात्री बोले-हालात उतने खराब नहीं जितना दिखाया जा रहा

एहसान ने कहा- भारत में बैठे उनके परिवार के लोग सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो देखकर काफी घबरा जाते थे।

**फास्ट न्यूज**

### डीसीएम ने बाइक सवार 2 युवकों को रौंदा

लखनऊ। लखनऊ में बुधवार शाम एक बाइक और डीसीएम के बीच हुई टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे में बाइक चला रहे एक युवक का दाहिना हाथ कटकर अलग हो गया। पुलिस के अनुसार, मोहनलालगंज के परसपुर ठट्ठा, कुसमौरा निवासी अर्जुन कुमार (34) और उनके गांव के साथी कुलदीप (37) बुधवार शाम करीब 6:30 बजे बिजनौर की तरफ से बिजनौर-मोहनलालगंज रोड होते हुए अपनी बाइक से घर जा रहे थे।

### रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी को अज्ञात वाहन ने रौंदा

लखनऊ। लखनऊ के आशियाना थानाक्षेत्र में सब्जी लेने निकले राज्यपाल ऑफिस से रिटायर्ड कर्मचारी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना से गुस्साए परिजनों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सेक्टर- एच आशियाना के रहने वाले रमेश चौधरी (65) राज्यपाल कार्यालय से रिटायर्ड कर्मचारी थे। बेटे अभिषेक चौधरी ने बताया कि बुधवार को रात 8 बजे साइकिल से सब्जी लेकर घर वापस आ रहे थे।

### करोड़ों की जमीन पर फर्जीवाड़ा 6 बैंकों से लोन लेकर बना घर

लखनऊ। लखनऊ की कानपुर रोड योजना कॉलोनी में एक प्लॉट को लेकर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। सात बार खरीद-फरोख्त के बाद 13 साल में यह खुलासा हुआ कि प्लॉट की पहली रजिस्ट्री ही फर्जी थी। अब लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने मौजूदा मालिक की रजिस्ट्री निरस्त कर घर तोड़ने का आदेश जारी कर दिया है।

# डा0 हेडगेवार के आदर्शों से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव : केशव प्रसाद

## डॉ. हेडगेवार की जयन्ती पर मौर्य ने अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि



"उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अंत्योदय के सिद्धांत को अपनाते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास, 7-कालिदास मार्ग पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक एवं प्रथम सरसंघचालक परम पूज्य डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार जी की जयंती के अवसर पर उनके स्मृति चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि डॉ. हेडगेवार जी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन शक्ति और सांस्कृतिक जागरण के लिए समर्पित रहा। उनके विचार आज भी हमें एक सशक्त, संगठित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज में एकता, समरसता और राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना को आगे बढ़ाना चाहिए। डॉ. हेडगेवार जी द्वारा स्थापित मूल्यों के अनुरूप कार्य करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

## नृत्य, गायन की प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को मिला मेडल व प्रशस्ति पत्र

# धूमधाम से मनाया गया चित्रगुप्त सभा का होली मिलन समारोह

कार्यक्रम की शुरुआत चित्रगुप्त सभा इंदिरा नगर के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार महामंत्री शशिकांत श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष राजेश कुमार सक्सेना उपाध्यक्ष कृष्ण मोहन दयाल व सांस्कृतिक मंत्री प्रतीति ने दीप जलाकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर समाज सेविका रितु खरे सहित समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया।





तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। चित्रगुप्त धाम इंदिरा नगर में चित्रगुप्त सभा का होली मिलन समारोह बहुत धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह में ही विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम द्वितीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी चित्रगुप्त सभा की सांस्कृतिक मंत्री प्रतीति ने दी।

सांस्कृतिक मंत्री प्रतीति ने बताया कि गायन और नृत्य की प्रतियोगिताओं के साथ बहुत सुंदर-सुंदर मंच प्रस्तुतियां होली मिलन समारोह में संपन्न हुई। गायन प्रतियोगिता में अच्युत कृष्णा प्रथम अनंत श्रीवास्तव द्वितीय ,नृत्य प्रतियोगिता में श्रीजा नारायण प्रथम ईशाना श्रीवास्तव द्वितीय रही इसी क्रम में गायन प्रतियोगिता में निशांत श्रीवास्तव प्रथम बृजेश चंद्र सक्सेना द्वितीय तथा नृत्य प्रतियोगिता में रिद्धि गौड़ ,सिद्धि गौड़ प्रथम ,परिधि श्रीवास्तव द्वितीय स्थान पर रही। होली मिलन समारोह में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें गायन प्रतियोगिता में मीरा खरे तथा नृत्य में प्रतीति प्रथम तथा दिव्या रानी द्वितीय स्थान पर रही सभी विजयी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जहां एक तरफ फूलों की होली खेली गई वहीं दूसरी तरफ होली गीतों का कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने जमकर आनंद लिया। इस अवसर पर डॉक्टर प्रणय कुमार , मनोज कुमार खरे, महेश सिन्हा सहित अखिलेश कुमार श्रीवास्तव व डाक्टर कविता श्रीवास्तव की विशेष रूप से उपस्थित रही। निर्णायक मंडल की भूमिका में सीनू भटनागर, कीर्ति श्रीवास्तव व पूनम सिन्हा रही। जबकि कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक मंत्री प्रतीति ने किया।

## अखिलेश यादव का भाजपा पर हमला, पढ़े-लिखे नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा

# 'युवाओं का भविष्य अंधेरे में, 2027 में बदलाव तय'

## समाजवादी पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार को लेकर सरकार पर साधा निशाना

"सपा प्रमुख ने यह भी कहा कि प्रदेश की जनता अब भाजपा की नीतियों को समझ चुकी है और 2027 के विधानसभा चुनाव में बदलाव के लिए तैयार है। उन्होंने दावा किया कि आगामी चुनाव में भाजपा का सफाया हो जाएगा।

हेमन्त कृष्ण



तमसा संकेत, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री Akhilesh Yadav ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मौजूदा सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में पढ़े-लिखे नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा है और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। पार्टी के राज्य मुख्यालय पर प्रदेश भर से आए कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश को विकास की बजाय अंधेरे की ओर ले जा रही है। स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमराई हुई हैं। अपने संबोधन में उन्होंने समाजवादी पार्टी की नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी सरकार बनने पर युवाओं को रोजगार, किसानों को राहत और उद्योग-धंधों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में पहले भी विकास कार्य हुए हैं और 2027 में फिर सरकार बनने पर उत्तर प्रदेश को तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ाया जाएगा।

### गरीबों को न समय पर एंबुलेंस मिल रही है और न ही उचित इलाज

अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार के अंतिम वर्ष में स्वास्थ्य मंत्री द्वारा की जा रही कार्रवाई महज दिखावा है। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीबों को न समय पर एंबुलेंस मिल रही है और न ही उचित इलाज। प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से चौपट हो चुकी हैं। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, कमीशन-खोरी और लूट चरम पर है। प्राथमिक स्कूलों के बंद होने पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि इससे गरीब बच्चों की शिक्षा पर गंभीर असर पड़ा है, जो सरकार की मंशा पर सवाल खड़ा करता है।

### प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केन्द्र हेतु आवेदन

लखनऊ। परिवहन विभाग द्वारा योग्य चालक मुहैया कराने के दृष्टिगत प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना एवं रखरखाव हेतु पारदर्शितापूर्ण पर्यवेक्षण हेतु पोर्टल का विकास किया गया है। विकसित पोर्टल https://uptransport.upsdc.gov.in पर आवेदन ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किये जायेगे। आवेदकों के आवेदन प्रपत्र समस्त वांछित अभिलेखों के साथ उक्त पोर्टल पर स्वीकार किये जायेगे।

अध्यक्ष, राज्य परिवहन प्राधिकरण उ0प्र0 श्रीमती किंजल सिंह ने बताया कि इच्छुक एवं अर्ह आवेदक चालन प्रशिक्षण केन्द्र की अर्हता व अन्य शर्तों के क्रम में अपना आवेदन विकसित किये गये पोर्टल पर 01 अप्रैल, 2026 को अपराह्न 12 बजे से प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 20 जनपदों में कुल 32 रिक्तियां हैं।

## सुब्रत राय की पत्नी खाली करा रहीं अपनी सहारा सिटी

तमसा संकेत, एजेंसी




लखनऊ। लखनऊ में सहारा सिटी पूरी तरह खाली हो रही है। सुब्रत रॉय की पत्नी स्वप्ना रॉय भी अपनी कोठी स्वप्ना कुटी से लग्जरी सामान बाहर निकलवा रही हैं। सुब्रत की कोठी की तुलना अमेरिकी राष्ट्रपति के व्हाइट हाउस से की जाती थी। पिछले 5 दिनों से सहारा सिटी के अंदर ट्रकों, डीसीएम और मैक्स से सामान ढोए जा रहे हैं। सहारा सिटी खाली होने के बाद मैनेजमेंट के लोग आ-जा नहीं सकेंगे। नगर निगम ने सहारा मैनेजमेंट से पूरा परिसर खाली करने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 16 मार्च को सहारा सिटी की लीज खत्म करने के निर्णय को सही मानकर इसे नगर निगम को सौंपने का फैसला सुनाया था। 170 एकड़ से अधिक जमीन पर यहां नया विधानभवन बनेगा। बीते दिनों चांदी सहारा सिटी के अंदर से बड़ी चोरी हुई थी। चोर कई बेशकीमती सामान उठा ले गए थे। इनमें 0.32 बोर की दो ऑटोमैटिक पिस्टल, 5 कारतूस के साथ राडो, पाको रैबन, गिरार्ड पैरिवाक्स, टेक्नो मारिन और टाइटन सहित कई इंटरनेशन ब्रांड की घड़ियां शामिल थीं। इसके अलावा दो कैमरे, दो एलसीडी टीवी, 878 कैसिनो क्वाइन, पांच मोबाइल, एक पिकअप, एसयूवी सहित एक किलो चांदी का पीकदान, 500 ग्राम चांदी की सात सिंदूर दानी, सोने के टप्स, चेन और बालियां सहित कई कीमती सामान भी चोरी हो गए थे।

■ व्हाइट हाउस से ट्रक लग्जरी सामान ढो रहे 170 एकड़ में नई विधानसभा बनेगी

**नोकझोंक : सिलेंडर का कटआउट लेकर विधानसभा के बाहर पहुंचे, पुलिस उठा ले गई**

# कपड़े उतारकर छात्रों का प्रदर्शन

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में गैस सिलेंडरों की किल्लत को लेकर समाजवादी छात्र सभा ने जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता हाथ में सिलेंडर के कटआउट लेकर विधानसभा के सामने पहुंचे। कपड़े उतारकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। पुलिस ने उन्हें रोका तो तीखी नोकझोंक हो गई। पुलिस ने उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पकड़ा और गाड़ियों में बैठाना शुरू किया। कई कार्यकर्ताओं ने पुलिस बस के ऊपर चढ़कर नारेबाजी शुरू कर दी। पुलिस ने कड़ी मशक्कत करके उन्हें भी नीचे उतारा। सभी को हिरासत में लेकर ईको गार्डन ले गई।

पुलिस ने प्रदर्शन में शामिल महिलाओं के हाथ-पैर खींचे हैं। पुलिस ने धक्का-मुक्की की है।



पुलिस ने एक कार्यकर्ताओं को गालियां दीं। उनकी शर्ट के बटन तोड़ दिए। पुलिस को योगी आदित्यनाथ से निर्देश मिला है कि जो भी गैस की बात करे, उन्हें कुचल दो। हमारी मांग है कि गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी कराई जाए। प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर किल्लत बनी हुई है। गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी हो रही है। ब्लैक में सिलेंडर मिल रहे हैं। जिससे आम लोगों का बजट बिगड़ गया है। सरकार इस गंभीर मुद्दे पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने कहा कि सिलेंडर की किल्लत का असर सिर्फ रसोई तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके कारण अन्य जरूरी चीजों के दाम भी बढ़ रहे हैं। प्रदर्शन के अंत में सपा छात्र सभा ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने जल्द कोई निर्णय नहीं लिया, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महंगाई के खिलाफ उनकी लड़ाई जारी रहेगी।

### मुख्यमंत्री को दूरबीन देने आए थे

प्रदर्शनकारी ने बताया- जनता गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर लाइन में लगी है। कल कपूरथला में गैस एजेंसी पर रात में 11 बजे से 400 लोग लाइन में लगे थे। दिन में एजेंसी का कर्मचारी आकर बताता है कि सिर्फ डेढ़ सौ सिलेंडर ही है। मेरा 151वां नंबर था। सिर्फ 150 नंबर तक के लोगों को सिलेंडर मिला।

बाकी सभी को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। आज नवरात्र और कल ईद है। हिंदू-मुस्लिम त्योहार की तैयारी करने के बजाय गैस सिलेंडर के लिए लाइन में लगे हैं। ये लोग अपना पर्व कैसे मनाएंगे? माता जी का भोग कैसे बनेगा? सेंवईयां कैसे बनेगीं?

मैं योगी जी को दूरबीन भेजने आया था। उन्हें मुख्यमंत्री आवास से गैस सिलेंडर के लिए लगी लाइनें नहीं दिखती हैं। हो सकता है कि इस दूरबीन से वह लाइनों को देख सकें।



छात्र सभा के सदस्यों ने यह भी कहा कि कई जगहों पर सिलेंडर की किल्लत देखने को मिल रही है, जिससे लोगों को समय पर गैस नहीं मिल पा रही है। इससे खासकर मध्यम और गरीब वर्ग को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# मौसा के साथ गई लड़की की लाश मिली मौसा बेहोश मिला

## फोन कर बताया- जल्दी आओ, किडनैप हो गई

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में 17 साल की लड़की की न्यूड लाश मिली है। वह अपने मौसा के साथ घर से निकली थी। कुछ देर बाद मौसा ने लड़की के भाई को फोन किया। कहा- तुम्हारी बहन को कार में जबरिया बैठाकर कुछ लोग ले जा रहे हैं। मैं उनका पीछा कर रहा हूं।

घरवाले पहुंचे तो मौसा गांव के बाहर बेहोशी की हालत में मिला। कुछ दूरी पर गोमती नदी के किनारे लड़की के कपड़े, अंडरगार्मेंट्स भी मिले। इसके बाद घरवालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने SDRF की मदद से घटनास्थल के पास गोमती नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया।

गोताखोरों ने खोजा, लेकिन लड़की का पता नहीं चला। गुरुवार सुबह 9 बजे घैला पुल के पास उसकी न्यूड लाश मिली। भाई की शिकायत पर पुलिस ने रेप और हत्या का केस दर्ज कर मौसा को पकड़ लिया है। लड़की घैला पुल के पास स्थित एक कॉलोनी में अपने मौसी-मौसा के घर में रहती थी। साल-2016 में उसकी मां की मौत हो चुकी है। लड़की के पिता भी उसी कॉलोनी में रहते हैं। मौसी ने बताया- मेरे पति ने बुधवार रात करीब 8 बजे खाना खाया। उसके बाद कहने लगे कि हमारी कमर में दर्द है। दवा लेने जा रहे हैं। वह अपने साथ भांजी को भी ले गए। घर से निकलने के करीब 15-20 मिनट बाद पति ने भांजे के मोबाइल पर फोन किया। कहा कि भांजी का कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया है। वह उनके पीछे लगे हैं। हम लोगों को जब यह बात पता चली, तो पति की बताई जगह पर पहुंचे।




पुलिस के अनुसार, मौसा ने अपहरण की झूठी कहानी रची। उसने बताया कि वह लड़की को ऑटो में लेकर जा रहा था, जबकि सीसीटीवी में बाइक से ले जाता दिख रहा। वारदात मड़ियांव थाना क्षेत्र की है।

# ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत, दुकानदारों को मिली नई व्यवस्था

# शहजादपुर की पुरानी सब्जी मंडी हटाई

**कार्रवाई**

■ जाम की समस्या में उम्मीद की किरण

■ नगर पालिका की समीक्षा और सहयोग

## बभनगवा में नई मंडी का शुभारंभ





■ नगर पालिका ने बताया कि पुराने स्थान पर जगह की कमी और लगातार जाम के कारण यह कदम उठाया गया। नई मंडी में दुकानदारों और ग्राहकों की सुविधा के लिए टिन शेड सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

बृजेन्द्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर के शहजादपुर में लंबे समय से जाम की समस्या पैदा करने वाली पुरानी सब्जी मंडी को नगर पालिका ने बभनगवा स्थित नव-निर्मित मंडी में स्थानांतरित कर दिया है।

नई जगह पर मंडी जाने से शहजादपुर क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या में काफी राहत मिलने की उम्मीद है। पुराने स्थान पर अक्सर भीड़ और वाहनों की अधिकता के कारण आवागमन धीमा हो जाता था। अब बभनगवा में बनी नई मंडी के साथ यह समस्या काफी हद तक कम होगी।

### पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दुकानें

प्रभारी ईओ/एसडीएम विशाल सारस्वत ने बताया कि नई मंडी में दुकानों का आवंटन 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया गया है। इस प्रक्रिया में लगभग 100 दुकानदारों को तुरंत दुकानें मिली हैं। जिन दुकानदारों को अभी टिन शेड में जगह नहीं मिल पाई है, उनके लिए जल्द ही नए टिन शेड बनाकर दुकानों का आवंटन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पिछले दो महीनों से नगर पालिका द्वारा मंडी के स्थानांतरण को लेकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा था, ताकि सभी दुकानदार और ग्राहक नई व्यवस्था से परिचित हो सकें।

ईओ ने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में सभी दुकानदारों और स्थानीय लोगों का सहयोग सराहनीय रहा। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी सभी व्यवस्थाओं को समय-समय पर अपडेट किया जाएगा और दुकानदारों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

# अछती गांव हत्याकांड: चार दोषियों को सजा, छह आरोपियों को बरी

## एडीजे अदालत ने 20 मार्च को सुनाने का किया फैसला



तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । आलापुर थाना क्षेत्र के अछती गांव में वर्ष 2021 में हुई हत्या और जानलेवा हमले के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) प्रथम राम विलास सिंह की अदालत ने चार आरोपियों को दोषी ठहराया है। छह अन्य आरोपियों को अदालत ने बरी कर दिया। दोषियों को सजा सुनाने के लिए 20 मार्च की तारीख तय की गई है। अदालत ने प्रस्तुत गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर सादिक उर्फ कल्लू, इसराद खान, नदीम खान और अलीम को दोषी पाया। वहीं युसुफ खान, इरशाद, इसराइल, मो. अहमद, बेलाल और सिदरा फातिमा को दोषमुक्त करार दिया गया। यह मामला 3 दिसंबर 2021 को दर्ज प्राथमिकी से संबंधित है। प्रवीन लता ने बताया कि शाम करीब सात बजे सादिक, उसकी पत्नी सिदरा फातिमा और अन्य आरोपियों ने उनके घर पर हमला किया। हमलावरों ने चाकू, लाठी और डंडों से प्रवीन लता, उनके पति रामसकल मौर्य और पुत्रों रणविजय व दिग्विजय को बुरी तरह पीटा। चालक विनय यादव पर भी हमला किया गया। हमले में रामसकल मौर्य का सिर फट गया और वे बेहोश हो गए। रणविजय का हाथ टूट गया और उनकी उंगली कट गई। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच के दौरान रामसकल मौर्य की मृत्यु हो गई। इसके बाद पुलिस ने गैर इरादतन हमले की धारा को हत्या की धारा में बदल दिया। जांच पूरी होने पर दस आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया गया। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत में चली।

**फास्ट न्यूज**

## बस ने तीन एक्टिवा सवारों को रौंदा

आगरा । थाना रकाबगंज क्षेत्र में आगरा किले के सामने एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। सामने से आ रही परिवहन बस ने एक्टिवा सवार तीन युवकों को रौंद दिया।

सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एसएन मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। हादसे में अन्नान नामक व्यक्ति पेर टूट गया है।

## पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई, समस्याओं के निस्तारण के निर्देश

अंबेडकरनगर। गुरुवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने लोगों की शिकायतें सुनीं और उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। इसमें भूमि विवाद, पारिवारिक मामले, मारपीट और अन्य शिकायतें शामिल रहीं। पुलिस अधीक्षक ने एक-एक मामले को सुनकर संबंधित थाना और शाखा को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

## राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता

अंबेडकरनगर । राज्य स्तरीय आमंत्रण सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार से शुरू होगा। पांच दिवसीय यह प्रतियोगिता देव इंद्रावती महिला महाविद्यालय कटेहरी में आयोजित की जाएगी। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्य ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन खेल निदेशालय के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय द्वारा कराया जा रहा है।

# नवरात्रि में शीतला माता मंदिर में उमड़ी भीड़

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। जलालपुर स्थित शीतला माता मठिया मंदिर में नवरात्रि के पहले दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह मंदिर के पट खुलते ही दर्शन के लिए लंबी कतार लग गई। पूरे दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आना-जाना बना रहा। नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा के लिए लोग सुबह से ही पहुंचने लगे। आसपास के गांवों के साथ दूरदराज क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर परिसर में दिनभर पूजा-अर्चना और दर्शन का क्रम जारी रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार, हर साल नवरात्रि में यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इस बार भी पहले दिन से ही भीड़ देखने को मिली।श्रद्धालुओं का कहना है कि यह मंदिर लंबे समय से आस्था का केंद्र रहा है। कई परिवार पीढ़ियों से यहां दर्शन करने आते हैं। नवरात्रि के दौरान यहां विशेष पूजा होती है।

■ पहले दिन भोर से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू, दिनभर लगा रहा तांता

स्थानीय निवासियों के अनुसार, पहले यह स्थान साधारण टीले के रूप में था। समय के साथ यहां मंदिर का विकास हुआ। अब परिसर में कई देवी-देवताओं के मंदिर स्थापित हैं। भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्थानीय स्तर पर इंतजाम किए गए। दिनभर सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने पर ध्यान दिया गया।

## एंटी करप्शन टीम ने नगर पालिका गेट पर रंगेहाथ पकड़ा, आवास योजना में लाभ दिलाने के नाम पर मांग रहा था रकम

# पांच हजार की रिश्वत लेते जल निगम कर्मचारी अरेस्ट

**जांच**

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई सामने आई है। नगर पालिका परिषद जलालपुर में परिनियुक्त जल निगम के कर्मचारी को एंटी करप्शन टीम ने पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई गुरुवार को योजनाबद्ध तरीके से की गई।

आरोपी रमाकांत चौबे आजमगढ़ जिले के बूढ़नपुर गांव का निवासी है। वह जल निगम में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है और इस समय जलालपुर नगर पालिका में परिनियुक्ति पर तैनात था। उसे प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत पात्रता की जांच का जिम्मा दिया गया था।

जांच के दौरान उसने वाजिदपुर निवासी अवधेश चौहान से आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर पांच हजार रुपये की मांग की। आरोप है कि बिना पैसे दिए फाइल आगे बढ़ाने से इनकार किया जा रहा था।

गिरफ्तारी की खबर मिलते ही नगर पालिका परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद लोगों में चर्चा का विषय बना रहा कि सरकारी योजनाओं के नाम पर लंबे समय से अवैध वसूली की शिकायतें सामने आती रही हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कार्रवाई से ऐसे मामलों पर रोक लगने की उम्मीद है। कई लोगों ने कहा कि पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ लेने में अक्सर दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### शिकायत के बाद बिछाया गया जाल

पीड़ित ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन टीम से की। शिकायत के बाद टीम ने पूरे मामले की जांच कर जाल बिछाया। तय योजना के तहत गुरुवार को शिकायतकर्ता को आरोपी को पैसे देने के लिए भेजा गया। जैसे ही आरोपी कर्मचारी ने नगर पालिका गेट के सामने शिकायतकर्ता से रिश्वत की रकम ली, एंटी करप्शन टीम ने मौके पर ही उसे पकड़ लिया। टीम ने तत्काल साक्ष्य जुटाए और आरोपी को हिरासत में ले लिया।

■ एंटी करप्शन टीम के अधिकारियों ने बताया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

■ कोतवाली पुलिस के अनुसार, आरोपी कर्मचारी को टीम अपने साथ ले गई है और आगे की कानूनी प्रक्रिया की जा रही है। संबंधित विभाग द्वारा आरोपी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जा सकती है।

## सब्जी लेने निकली थी, हादसे में बाइक चालक भी गंभीर घायल

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवती की मौत

**हादसा**

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक युवती की मौत हो गई। हादसे में बाइक चालक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने मामले में आरोपी चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे में पुनीता यादव और बाइक चालक, अकबरपुर के भटपुरा गांव निवासी अरविंद कुमार, दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

घटना के बाद मृतका के पिता शेषमणि यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बाइक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ गैरइरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

> चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद पुनीता की हालत गंभीर देखते हुए उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर रेफर कर दिया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं बाइक चालक का इलाज जारी है।

### काम से लौटने के बाद हुआ हादसा

महरुआ थाना क्षेत्र के आदमपुर तिंदौली गांव की पुनीता यादव अकबरपुर स्थित एक मारुति एजेंसी में काम करती थी। वह टांडा मार्ग पर राबीब-हाउद्दीनपुर मोहल्ले में किराये के कमरे में रहती थी। बुधवार देर शाम वह काम से लौटकर अपने कमरे पर पहुंची थी। बताया गया कि रात करीब आठ बजे वह कमरे से बाहर निकलकर सब्जी लेने जा रही थी। जैसे ही वह सड़क पर पहुंची, सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

# पुलिस की सफलता 125 गुम मोबाइल किए बरामद

## करीब 25 लाख रुपये के फोन खोजे, धारकों को किया जा रहा सुपुर्द

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। पुलिस ने गुम मोबाइल की बरामदगी में बड़ी सफलता हासिल की है। सर्विलांस सेल की टीम ने अलग-अलग स्थानों से कुल 125 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इनकी अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई जा रही है।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों की निगरानी में मोबाइल रिकवरी अभियान चलाया गया। विभिन्न थाना क्षेत्रों से मिली शिकायतों के आधार पर सर्विलांस सेल ने लगातार प्रयास किए। इसके बाद अलग-अलग जगहों से मोबाइल फोन बरामद किए गए।

पुलिस कार्यालय की ओर से सभी मोबाइल धारकों को सूचना देकर फोन प्राप्त करने के लिए बुलाया गया है। गुरुवार को लोगों को उनके मोबाइल वापस दिए जा रहे हैं।

गुम मोबाइल को लेकर आमजन की ओर से लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तकनीकी माध्यमों का सहारा लिया। इसके बाद मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कर उन्हें बरामद किया गया।इस कार्रवाई से उन लोगों को राहत मिली है, जिनके मोबाइल खो गए थे और वापस मिलने की उम्मीद कम थी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अपने मोबाइल में 'संचार साथी' एप डाउनलोड करें। यह एप मोबाइल खोने की स्थिति में मददगार साबित होता है।इसके साथ ही पुलिस ने कहा है कि मोबाइल खोने पर तुरंत स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराएं। शिकायत करते समय मोबाइल का बिल, आईएमईआई नंबर, आधार कार्ड और अन्य पहचान पत्र साथ रखें।

# हाईवे पर गिरी महिला, ट्रक की चपेट में आने से बची

## हेड कांस्टेबल की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर । हंसवर बाईपास हाईवे पर गुरुवार को एक महिला अचानक सड़क पर गिर गई। उसी समय पीछे से तेज रफ्तार ट्रक आ रहा था। कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया था और हादसे की आशंका पैदा हो गई।

ड्यूटी पर तैनात बसखारी थाने के हेड कांस्टेबल दीपचंद यादव ने स्थिति को भांपते हुए तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने तेजी से सड़क पर गिरी महिला को तत्काल सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। उनकी तेजी के कारण महिला ट्रक की चपेट में आने से बच गई। घटना के बाद पुलिसकर्मी ने घायल महिला को बसखारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने तुरंत उपचार शुरू किया। समय पर इलाज मिलने से महिला की हालत स्थिर बताई गई।

महिला की पहचान साधना गौड़, निवासी रायसिंगपुर, जनपद आजमगढ़ के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वह चक्कर आने के कारण सड़क पर गिर पड़ी थी।मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिसकर्मी की तत्परता की सराहना की। घटना के बाद महिला ने भी होश में आने पर पुलिसकर्मी का धन्यवाद किया।

## अनियंत्रित कंटेनर ने दुकानों और मकान को किया तहस-नहस

अंबेडकरनगर । हंसवर मकरही मार्ग पर बुधवार रात करीब 11:30 बजे एक तेज रफ्तार कंटेनर अनियंत्रित हो गया। कंटेनर सीधे सड़क किनारे बनी दुकानों और पास के पक्के मकान में जा घुसा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कंटेनर ने पहले दुकानों को टक्कर मारी और फिर मकान की छत गिर गई। कई दुकानें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना में पास खड़े घाटी केबिन वाले ठेले और एक साइकिल भी टूट गए।हादसे के समय घटनास्थल पर कोई मौजूद नहीं था। यही कारण है कि कोई जनहानि नहीं हुई। यदि लोग वहां होते तो बड़ा हादसा हो सकता था।स्थानीय लोगों ने बताया कि कंटेनर चालक को मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और चालक को हिरासत में थाने ले गई। थाना प्रभारी अभिनेष कुमार ने बताया कि चालक और उसके खलासी को थाने लाया गया है। प्रारंभिक जांच में कंटेनर के अनियंत्रित होने को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है।

## आरोप : दो अलग-अलग मामलों में ससुराल पक्ष पर केस दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

# दहेज के लिए दो विवाहिता से मारपीट घर से निकाला

**प्रताड़ना**

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । जिले में दहेज उत्पीड़न के दो मामलों ने फिर से सामाजिक चिंता बढ़ा दी है। दोनों मामलों में विवाहिता को मारपीट कर घर से निकालने का आरोप है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ससुराल पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दूसरा मामला सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सुबारपुर नैनी गांव का है। यहां की सविता पाल की शादी मई 2023 में दोस्तपुर थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर गांव निवासी अरुण कुमार पाल के साथ हुई थी। शादी के बाद एक पुत्र का जन्म हुआ। आरोप है कि कुछ समय बाद पति और ससुराल पक्ष के अन्य लोग दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। पति की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ मारपीट की गई। लगातार उत्पीड़न से परेशान होकर वह मायके लौट गई और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

> इस मामले में पति, ससुर, सास समेत छह लोगों के खिलाफ मारपीट और दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, दोनों मामलों की विवेचना की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

### अलीगंज क्षेत्र का मामला

अलीगंज थाना क्षेत्र के शादीपुर (मुर्गीपुर) गांव की अजराना की शादी 14 नवंबर 2023 को हंसवर थाना क्षेत्र के सेमरा नसीरपुर गांव निवासी मो. सोगीर के साथ हुई थी। शादी के बाद एक बेटी का जन्म हुआ। आरोप है कि पति समेत परिवार के अन्य सदस्य दहेज को लेकर आए दिन विवाद करते थे।

पीड़िता के अनुसार, शादी में पिता ने 50 हजार रुपये नकद, बाइक, सोने के आभूषण और घरेलू सामान दिया था। इसके बावजूद ससुराल पक्ष पांच लाख रुपये की अतिरिक्त मांग कर रहा था। करीब एक माह पहले मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए उसे घर से निकाल दिया गया। मामले में पति सहित ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच जारी है।

# सम्पादकीय

## कांग्रेस को रवैया बदलने की जरूरत



असम चुनाव से कुछ पहले भाजपा ने कांग्रेस को तोड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। असम से कांग्रेस के लोकसभा सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि यह फैसला उनके लिए बेहद कठिन था क्योंकि उन्हें कांग्रेस पार्टी के अंदर कई मुद्दों पर लगातार अपमान का सामना करना पड़ रहा था। इस अपमान का बदला श्री बोरदोलोई ने अब भाजपा की सदस्यता लेकर पूरा किया है। इससे पहले भूपेन बोरा भी इसी तरह की नाखुशी संगठन से जताकर अलग हुए थे और फौरन ही भाजपा के खेमे में चले गए। आखिर चुनावों से पहले ही मान-अपमान का ख्याल दल बदल करने वाले नेताओं को कैसे आता है, यह सवाल अब तक अनुत्तरित है। ऐसा नहीं है कि केवल कांग्रेस में ही दल बदल का सिलसिला चलता है, कमोबेश सभी पार्टियां इसका शिकार हैं। लेकिन खास बात ये है कि जिस राज्य में कांग्रेस मजबूती से भाजपा को चुनौती देती है, वहां इस तरह की फूट ज्यादा दिखाई देती है। इस समय असम ऐसा ही एक राज्य है, जहां इस बार भाजपा के सामने सत्ता बचाने की चुनौती है। गौरव गोगोई को असम कांग्रेस का अध्यक्ष बनाकर आलाकमान ने एक बड़ा दांव चला और गोगोई के तेवर जैसे संसद में भाजपा के लिए तीखे रहते हैं, असम में भी हिमंता बिस्वासरमा के सामने वैसे ही तीखे बने हुए हैं। बिस्वासरमा ने गौरव गोगोई को पाकिस्तान का एजेंट बताने जैसे गंभीर आरोप तक लगाए हैं, मगर इनसे पीछे हटने की बजाए गौरव गोगोई सामने आकर बिस्वासरमा को चुनौती दिए जा रहे हैं। बीते दिनों जिस तरह प्रियंका गांधी ने असम में धुआंधार बैठकें कर राज्य इकाई को मजबूत करने की कोशिश की और अब टिकट वितरण का काम जमीनी रिपोर्ट के आधार पर शुरु हुआ है, उसमें भी नजर आ रहा है कि कांग्रेस से इस बार भाजपा को कड़ी टक्कर मिलने वाली है। भाजपा के लिए एंटी इनक्मबेंसी भी एक बड़ी चुनौती है। इन चुनौतियां का सामना करने के लिए भाजपा के पास सबसे सुविधाजनक तरीका यही है कि कांग्रेस में फूट डलवाई जाए। प्रद्युत बोरदोलोई और राज्य कांग्रेस के उपाध्यक्ष नवज्योति तालुकदार का पार्टी छोड़ना इसका प्रमाण है।

प्रद्युत बोरदोलोई ने अपने इस्तीफे के बारे में कहा कि 'मैंने अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांतों में से एक को छोड़ दिया है और इसके लिए मैं खुश नहीं हूं। लेकिन मैंने यह निर्णय इसलिए लिया क्योंकि कांग्रेस पार्टी, विशेष रूप से असम कांग्रेस के भीतर, मुझसे संपर्क करने वाले लोग मुझे बार-बार अपमानित कर रहे थे। कांग्रेस नेतृत्व भी मेरे प्रति सहानुभूति नहीं दिखा रहा था।' गौरतलब है कि बोरदोलोई 1998 से 2016 तक चार बार विधायक रहे। 2001 से 2015 के बीच असम की कांग्रेस सरकार में महत्वपूर्ण मंत्री पद भी संभाले। और फिर नौगांव से दो बार सांसद रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें आलाकमान से शिकायत है। उनका कहना है कि उनके संसदीय क्षेत्र से एक कांग्रेस विधायक आसिफ नजर के करीबी ने बीते पंचायत चुनाव के दौरान उन पर हमला करवाया था। अब उनका सवाल है कि एक अपराधी को टिकट कैसे दे सकते हैं। बोरदोलोई का कहना है कि जब 13 मार्च को दिल्ली में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में असम चुनाव के लिए स्क्रीनिंग कमिटी के सदस्य सांसद इमरान मसूद ने उनके आरोपों को 'झूठा' करार दिया और गोगोई चुप रहे। इससे उनके 'आत्म-सम्मान' को ठेस पहुंची। आत्मसम्मान की आड़ लेकर बोरदोलोई ने कांग्रेस छोड़ी और अब शायद सम्मान की तलाश में भाजपा चले गए हैं। वहीं असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नवज्योति तालुकदार ने मंगलवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में नवज्योति तालुकदार ने पार्टी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। यहां भी सवाल वही है कि आखिर अपनी ही पार्टी की कार्यप्रणाली ऐन चुनाव के पहले तालुकदार को नागवार क्यों गुजरने लगी।

दरअसल दलबदल के लिए एक पुख्ता बहाना चाहिए ही होता है, तो अपमान का फैक्टर इसमें सबसे कारगर साबित होता है, क्योंकि इसमें जनता की सहानुभूति मिल जाती है। हालांकि असल में इसमें जनता का अपमान होता है, जिसने इससे पहले आपके काम और विचारधारा के लिए आपको अपना प्रतिनिधि बनाया, लेकिन आपने अपनी विचारधारा ऐसे बदली जैसे कोई वस्त्र बदलता है। वैसे यहां थोड़ी गलती कांग्रेस की भी है, आखिर उसे बगावत के बारे में तभी कैसे पता चलता है जब कोई खेल कर चुका होता है। मध्यप्रदेश में ज्योतिरादित्य सिंधिया पर भी कांग्रेस उम्मीद लगाए बैठे हुई थी कि वे पार्टी को नहीं छोड़ेंगे, लेकिन सिंधिया ने अपने साथ 22 और विधायकों को तोड़ लिया और कांग्रेस को खबर भी नहीं हुई।

# लोक आस्था का संगम:भद्रकाली मेला



अमरपाल सिंह वर्मा

**हनुमानगढ़ जिले में मां भद्रकाली का ऐतिहासिक मंदिर क्षेत्र की लोक आस्था का केंद्र है। नवरात्रों में यहां लगने वाला मेला सवा सौ साल से अधिक पुरानी परंपरा का जीवंत प्रतीक है जिसमें हर वर्ष हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। हनुमानगढ़ टाउन से लगभग सात किलोमीटर दूर स्थित मां भद्रकाली का ऐतिहासिक मंदिर इस मेले का मुख्य केंद्र है। यहां नवरात्रों के दौरान मेला भरता है। वैसे तो नवरात्रा स्थापना के साथ ही मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन आरंभ हो जाता है लेकिन चैत्र सुदी अष्टमी और नवमी को दो दिनों के विशाल मेला में तो हजारों लोग उमड़ते हैं।**

राजस्थान अपनी समृद्ध स्थापत्य कला, ऐतिहासिक धरोहरों और रंग-बिरंगी लोक संस्कृति के लिए पूरे देश में विशिष्ट पहचान रखता है। यहां के किले, मंदिर, हवेलियां और लोक परंपराएं जितनी प्रसिद्ध हैं, उतना ही महत्व यहां लगने वाले मेलों का भी है। राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में वर्ष भर अनेक धार्मिक और सांस्कृतिक मेले आयोजित होते हैं जो केवल आस्था के केंद्र ही नहीं बल्कि सामाजिक जीवन और लोक संस्कृति के जीवंत उत्सव भी होते हैं। इन्हीं मेलों में हनुमानगढ़ जिले में लगने वाला भद्रकाली मेला विशेष महत्व रखता है।

हनुमानगढ़ जिले में मां भद्रकाली का ऐतिहासिक मंदिर क्षेत्र की लोक आस्था का केंद्र है। नवरात्रों में यहां लगने वाला मेला सवा सौ साल से अधिक पुरानी परंपरा का जीवंत प्रतीक है जिसमें हर वर्ष हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। हनुमानगढ़ टाउन से लगभग सात किलोमीटर दूर स्थित मां भद्रकाली का ऐतिहासिक मंदिर इस मेले का मुख्य केंद्र है। यहां नवरात्रों के दौरान मेला भरता है। वैसे तो नवरात्रा स्थापना के साथ ही मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन आरंभ हो जाता है लेकिन चैत्र सुदी अष्टमी और नवमी को दो दिनों के विशाल मेला में तो हजारों लोग उमड़ते हैं । लोकशक्ति की प्रतीक मां भद्रकाली के दर्शन के लिए वैसे तो पूरे वर्ष श्रद्धालु यहां आते रहते हैं लेकिन इन विशेष तिथियों पर श्रद्धालुओं की भीड़ कई गुना बढ़ जाती है। आसपास के गांवों और कस्बों के अलावा पड़ोसी राज्यों पंजाब और हरियाणा से भी हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं।

मेले के दौरान आम दिनों में शांत और वीरान रहने वाला यह क्षेत्र चहल-पहल से भर उठता है। बड़ी संख्या में सजी दुकानों, खिलौनों और घरेलू वस्तुओं की बिक्री करने वाले फेरीवालों, बच्चों के झूलों और रंग-बिरंगे परिधानों में सजे लोगों की भीड़ इस स्थान को एक बड़े उत्सव स्थल में बदल देती है। हर ओर 'मां भद्रकाली की जय' और 'काली माता की जय' के जयकारे गूंजते रहते हैं। लंबी कतारों में जुटे श्रद्धालु घंटों खड़े रहकर मंदिर तक पहुंचते हैं, जहां वह अपनी मनोकामनाएं लेकर माता के चरणों में माथा टेकते हैं। लोक मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई मुराद अवश्य पूरी होती है।

भद्रकाली का यह मेला सवा सौ वर्ष से भी अधिक समय से लगातार आयोजित होता आ रहा है। समय के साथ इसकी लोकप्रियता और श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती रही है। यह मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि क्षेत्र की सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। मेले में आने वाले लोगों के लिए यह आस्था के साथ-साथ मेलजोल और आनंद का अवसर भी होता है।



मंदिर की स्थापना को लेकर भी कई जन श्रुतियां प्रचलित हैं। माना जाता है कि यह मंदिर मुगल सम्राट अकबर के समय का है और इसकी स्थापना बीकानेर रियासत के छठे महाराजा राम सिंह ने करवाई थी। मंदिर की स्थापत्य शैली भी इसे विशिष्ट बनाती है। इसकी बनावट अन्य काली मंदिरों से अलग दिखाई देती है। मंदिर का गुंबद मस्जिद की शैली में बना हुआ है, जो इसे एक अनोखा स्थापत्य स्वरूप प्रदान करता है और उस दौर की सांस्कृतिक विविधता की झलक भी दिखाता है।

मंदिर की स्थापना से जुड़ी एक रोचक जनश्रुति प्रचलित है। कहा जाता है कि एक बार सम्राट अकबर बीकानेर के महाराजा रामसिंह के साथ इस क्षेत्र से गुजर रहे थे। उस समय यहां घना जंगल था। भूख-प्यास से व्याकुल होने पर उन्हें एक टीले पर खड़ी महिला मिली, जिसने तुरंत भोजन-पानी की व्यवस्था कर दी। अकबर ने उसे दैवीय शक्ति मानते हुए सेवा का आग्रह किया, जिस पर उस महिला ने यहां काली माता का मंदिर बनवाने की इच्छा जताई। इसके बाद अकबर के आदेश पर महाराजा रामसिंह ने यहां मंदिर का निर्माण कराया।

मंदिर परिसर में माता के अनन्य भक्त अमरनाथ जी का मंदिर भी है। किवदंती है कि उन्होंने अकबर के साले को किले के निर्माण के लिए अक्षय खजाना दिया था लेकिन बाद में उसकी नीयत बिगड़ गई। पश्चाताप होने पर वह अमरनाथ जी के पास पहुंचा। तब अमरनाथ जी ने मां काली के मंदिर के सामने जीवित समाधि लेकर अपनी समाधि पर मंदिर बनवाने की बात कही। आज वहां स्थित अमरनाथ मंदिर भी श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है।

आज भद्रकाली मंदिर क्षेत्र की जनआस्था और भक्ति का प्रतीक बन चुका है। इस मंदिर से जुड़ी एक विशेष बात यह भी है कि हर वर्ष बरसात के मौसम में आने वाली घग्गर नदी की बाढ़ का पानी इन मंदिरों के आसपास फैल जाता है। उस समय पूरा क्षेत्र पानी से घिरा हुआ दिखाई देता है। हालांकि चैत्र मास तक यह पानी एक सीमित धारा में बहने लगता है और मेले के दिनों तक अधिकांश पानी सूख जाता है जिससे श्रद्धालुओं के लिए मंदिर तक पहुंचना आसान हो जाता है।

यह मंदिर देवस्थान विभाग के अधीन है और यहां पूजा-अर्चना तथा अन्य व्यवस्थाओं का संचालन विभाग की देखरेख में किया जाता है। मेले के दौरान स्थानीय प्रशासन और हनुमानगढ़ सेवा समिति ( भारत क्लब) द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की जाती हैं। भद्रकाली मेला केवल धार्मिक आयोजन भर नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र की लोक आस्था, परंपरा और सामाजिक जीवन का जीवंत प्रतीक भी है। यहां आने वाले हजारों श्रद्धालु केवल पूजा-अर्चना ही नहीं करते बल्कि इस अवसर को उत्सव की तरह मनाते हैं। इस प्रकार यह मेला आस्था, इतिहास और लोक संस्कृति के संगम का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। ■

## सभ्यता-संस्कृति संघर्ष...

कमलेश पांडेय

### अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध से तेल-गैस संकट गहराया

# अंतर्राष्ट्रीय गठबंधनों पर सवालिया निशान लगा?

पश्चिमी एशिया के लिए अभिशाप साबित हो रहे ईरान-इजरायल युद्ध, कोई साधारण युद्ध नहीं बल्कि एक प्रकार का सभ्यता-संस्कृति संघर्ष है, जिसके बीज इतिहास में ही जमे हुए हैं। एक ओर जहां यह युद्ध इजरायल के लिए उसके अस्तित्व के रक्षा की लड़ाई है, वहीं दूसरी ओर यह युद्ध ईरान के लिए ईसाई मुल्कों के कथित लोकतांत्रिक-आर्थिक दांवपेंचों से ईरान को महफ़ूज रखकर अरब-खाड़ी देशों में एक मजबूत इस्लामिक साम्राज्य स्थापित करने की मनःसंकल्पित सोच-समझ और ईरान से वैश्विक इस्लामिक साम्राज्यवाद का दबदबा बढ़ाने के लक्ष्य को केंद्र में रखकर लड़ी जा रही है, जो आगे भी बदस्तूर जारी रह सकती, क्योंकि ईरानी धार्मिक शासन व संगठन का एकमात्र ध्येय यही है।

वहीं, पश्चिम एशिया और मध्य-पूर्व के अकूत तेल व गैस भंडार पर जिस तरह से अमेरिकी-यूरोपीय गठबंधन वर्चस्व कायम है, और अपने अपने हितों को लेकर उनके बीच भी अंतर्विरोध उपज चुका है, वह अप्रत्याशित है। जबकि मध्यपूर्व में अमेरिकी वर्चस्व तोड़ने के लिए रूसी-चीनी नेतृत्व भी आमादा प्रतीत हो रहे हैं, जिसके दृष्टिगत चल रहे दांवपेंचों से इस्लामिक मुल्क लगभग दो या चार फाड़ हो चुके हैं। सच कहूं तो शिया-सुन्नी इस्लामिक विभाजन इसकी जड़ में है, लेकिन सुन्नी बहुल सऊदी अरब, शिया बहुल ईरान, हिन्दू विरोधी पाकिस्तान और मुसलमानों का खलीफा बनने की चाहत रखने वाले तुर्किये के आपसी दांवपेंच किसी से छिपे हुए नहीं हैं।

इसके बावजूद, 56 इस्लामिक देशों को मिलाकर गठित ओआईसी और उसके इस्लामिक नाटो बनाने का वैश्विक लक्ष्य, यहूदियों के एकमात्र छोटे से मुल्क इजराइल को समाप्त करने पर तुले हुए ईरान की सनक से गहराते फिलिस्तीन-गाजा विवाद और भारतीय हिंदुओं के खिलाफ पाकिस्तान परस्त ओआईसी के अंतर्राष्ट्रीय दांवपेंचों ने जब हिंसक और आतंकवाद परस्त इस्लामिक दुनिया को मौजूदा क्रूर संघर्ष के मुकाम तक पहुंचा दिया तो जिधर देखें उधर तबाही और बर्बाद होने के अलावा अन्य कोई दूसरा रास्ता नजर नहीं आता।



वैचारिक सवाल है कि जब हर हिंसक सोच का त्रासदीपूर्ण अंत होना नैसर्गिक प्रक्रिया के मुताबिक तय है तो फिर ईरान और अमेरिका इसी रक्तिम राह पर अग्रसर क्यों हैं? और यदि वो ऐसे ही हैं तो इससे शेष दुनिया आश्चर्यचकित क्यों है? शायद इसलिए कि उनके तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हो चुकी है, और अबतक सारा शांतिपूर्वक तमाशा देखने वाला खेल लगभग बिगड़ चुका है। संयुक्त राष्ट्र संघ के वैश्विक दायित्व पर सवालिया निशान तो बहुत पहले ही लग चुके हैं, लेकिन पीस बोर्ड ऑफ गाजा क्या कर रहा है?

उधर, अमेरिकी-यूरोपीय देशों को बैलेंस रखने वाले रूस-चीन-उत्तरकोरिया गठजोड़ और अमेरिका को छोड़कर वीटो शक्ति प्राप्त अन्य चार देश क्या कर रहे हैं? दुनिया को वसुधैव कुटुंबकम का पाठ पढ़ाने वाला भारत और उसका ग्लोबल साउथ चुप्पी क्यों साधे बैठें हैं? कथित ओआईसी ईरान को मरता-पिछड़ता देखकर बेचैन क्यों नहीं हो रहा है?अब्राहम परिवार के भागीदार देशों के मुंह पर पट्टी क्यों बंधी हुई है? यदि कुछ देशों को परमाणु बम रखने और लंबी दूरी वाली मिसाइल बनाने का हक है तो फिर वही हक ईरान को रहने देने में किसको परेशानी हुई है?

सुलगता सवाल है कि क्या कर ईरान को परमाणु बम बनाने का हक नहीं है, जबकि सिर्फ पाकिस्तान को यही हक अमेरिकी अगुवाई में प्राप्त है? क्या ईरान को लंबी दूरी की मिसाइल बनाने का हक नहीं है, और सिर्फ पाकिस्तान को अमेरिकी-चीनी सरपरस्ती में प्राप्त है? आखिर ऐसी ओछी दलीलों के पीछे अमेरिकी खलनीति तो साफ नजर आती है, क्योंकि इन्हीं सतही वजहों के सहारे ईरान पर हमले किए गए। न केवल ईरानी सुप्रीम लीडर और उनके चहेतों को मार गिराया गया, बल्कि उच्च पदस्थ लोगों के खात्मे का सिलसिलेवार अभियान इजरायल द्वारा जारी है!

फिर भी ईरान ने जो अपनी रणनीतिक ताकत दिखाई, संगठनात्मक क्षमता प्रदर्शित किया, उससे ईरान विरोधी देश दंग हैं और यूरोपीय नाटो देश भयभीत! शायद इसलिए भी अब वो अमेरिका के साथ पूरी तरह से खड़े दिखाई देना नहीं चाहते हैं।

ईरान अपने ही सहोदर अरब-खाड़ी व मध्यपूर्व के देशों की जो कुटाई कर रहा है, उसकी कल्पना भी कभी ओआईसी ने नहीं की होगी! इन तमाम रक्तिम रंजिशों के पीछे समझदारी की भावना है या ईर्ष्या का भाव, यह तो बाद में पता चलेगा, लेकिन उससे पहले ईरान क्या करेगा? अमेरिका इजरायल परस्त अपने पड़ोसियों को कितना बर्बाद कर पाएगा, यह वक्त बताएगा। ■

## संगठन की शक्ति...

प्रदीप छाजेड़ (बोरावड़)

# संयुक्त परिवार बनाम परिवार के साथ जुड़ाव

मैंने देखा समझा अनुभव आदि किया है की आजकल मानव के स्वयं के स्वार्थ हावी हो गये है। जिससे मानव स्वयं, बीवी, बच्चों आदि में रहता है इससे आगे वह चलना तो दूर सोच आदि भी नहीं पाता है। हर अँगुली जैसे समान नहीं होती वैसे ही हर मानव की सोच एक जैसी नहीं होती है। जहां एकता होती है वहां नेकता होती है। हम एकता में अनेकता की खोज करें। कभी कभी नहीं। हम हर रोज करें। एक - एक तिनका मिलकर जैसे घर का सारा कूड़ा निकाल बाहर करता है। उसी तरह एक एक आदमी के मिलने से सारा धर,परिवार व देश संवरता है। ऐसे में हमें संगठन की शक्ति का सही अनुमान करें।

जीवन की गति को ओर अधिक आसान करें। सागर की विराटता मे, पानी की एक-एक बूंद का योगदान है। एक-एक कडी का जुडाव ही तो है मजबूत जंजीर की पहचान है।सूरज की एक किरण तिमिर के साम्राज्य को ध्वस्त कर देती है क्योंकि उसके तेज के साथ सूर्य की असीम शक्ति विद्यमान है। संगठन की शक्ति बंद मुट्ठी लाख की वह खुल गई तो ख़ाक की। यही तो हैं संगठन की शक्ती जो व्यक्ति को सम-शम-श्रम की कहानी गढ़ते हुए विकास सोपान पर आरोहण करवाती हैं।इस शक्ती के कारण ही कोई भी सभा -संस्था -समाज-राष्ट्र संघर्षों से ना घबराते हुए, जूझारूपन के साथ ठोस एवं निष्पत्तिजनक कार्यों का परचम फहराती हैं। इसलिए ज़रूरी हैं सकारात्मक सोच व ज़बरदस्त



उत्साह, जिस कारण हम सफलता के पायदान पर सशक्त बढ़ते है।

संगठन की शक्ति की प्रचलित कहानी एक पिता और उसके चार पुत्रों की है जिस प्रकार एक लकड़ी को कोई भी तोड़ सकता है लेकिन यदि वह अनेक लकड़ियों का गट्ठर बन जाए तो उसे तोड़ना असम्भव है। संगठन की शक्ति का एक और उदाहरण झाड़ू है जो स्वयं बिखरा तो कचरा और एक साथ बँधा तो घर साफ़ सुथरा।माना कि आज की इस देखा देखी में परिवार बिखर रहे है तो क्यों नहीं हम अकेले रहते हुए होली दिवाली आदि में कम से कम संयुक्त परिवार के साथ हो। खाने पीने आदि के संग। इसमें यह नहीं सोचे की खर्चे का पैसा कौन देगा वह किससे कैसे लिया जाये आदि। आपसे व्यवस्था हो तो अच्छा है नहीं तो किसी दूसरे को व्यवस्था का भार दे दे स्वयं अपनी अपेक्षा अनुसार योगदान दे।

मान लो आप अपने स्वास्थ्य आदि कुछ कारण से करोगे नहीं तो आपको कोई नहीं कहेगा आप संग मिलकर खाने पीने आदि में साथ रहकर समय तो दे ही सकते हो जिससे रिश्तों को नयी दिशा व अपनत्व की धार आदि मिलती रहे। अपने - अपने का जुड़ाव रहे। यही तो है संयुक्त परिवार बनाम परिवार के साथ जुड़ाव।

## विशेष

# सुख की दुकान में 'खुशी' की तलाश : वह महँगा सौदा जो हम हार रहे हैं

हर साल 20 मार्च को 'विश्व प्रसन्नता दिवस' (International Day of Happiness) मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित यह दिन कैलेंडर के पन्नों पर एक रस्म बनकर रह गया है लेकिन आज जब हम अपने चारों ओर देखते हैं तो एक यक्ष प्रश्न खड़ा होता है - क्या हम वास्तव में खुश हैं? या हम केवल खुश दिखने का अभिनय कर रहे हैं? ऊँची अट्टालिकाएँ, चमचमाती गाड़ियाँ और हाथ में दुनिया भर की सूचनाओं को समेटे स्मार्टफोन्स! भौतिक विकास के इस शिखर पर खड़े होने के बावजूद इंसान के चेहरे से वह सहज मुस्कान गायब है, जो कभी नीम के पेड़ के नीचे बैठे बुजुर्गों या गलियों में धूल फाँकते बच्चों के पास हुआ करती थी।

**आभासी दुनिया : झूठी मुस्कान का मायाजाल**

आज की सबसे बड़ी विडंबना 'डिजिटल खुशी' है। हम अपनी जिंदगी जीने से ज्यादा उसे 'पोस्ट' करने में व्यस्त हैं। रेस्तरां में खाना आने पर हम स्वाद बाद में लेते हैं, पहले उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करते हैं। विडंबना देखिए, लोग अपनी तस्वीरों को 'फिल्टर' लगाकर सुंदर बना रहे हैं, जबकि असल जिंदगी में तनाव की झुर्रियां गहराती जा रही हैं।

हम दूसरों की 'रंगीन' फीड देखकर अपनी 'साधारण' जिंदगी की तुलना करने लगते हैं। यह तुलना ही तनाव की जननी है। हम यह भूल जाते हैं कि स्क्रीन पर दिखने वाली वह 'परफेक्ट' दुनिया महज एक चुनिंदा पल है, पूरी सच्चाई नहीं। दूसरों की नकली खुशी को मानक मानकर हम अपनी असली शांति की बलि चढ़ा रहे हैं।

**प्रकृति से दूरी : जड़ों को काटकर खुशबू की तलाश**

इंसान ने कंक्रीट के जंगल तो बना लिए, लेकिन वह उस माटी की महक भूल गया जहाँ से उसका अस्तित्व शुरू हुआ था। ब्रह्मांड की हर इकाई - चाहे वह चहचहाती चिड़िया हो, बहती नदी हो या खिलता हुआ फूल। हर कोई अपनी प्रकृति में आनंदित है। सूरज बिना थके रोशनी देता है और खुश रहता है, पेड़ फल देकर निहाल रहता है। केवल इंसान ही है जो प्रकृति के साथ तालमेल बिठाने के बजाय उसे जीतने की कोशिश में खुद को अकेला कर चुका है। जब हम नंगे पैर घास पर चलना छोड़ देते हैं, जब हम उगते सूरज को देखने के बजाय अलार्म की आवाज पर झुंझलाते हैं, तो समझ लीजिए कि हमने खुशी का एक बड़ा द्वार खुद ही बंद कर लिया है।

**बड़ी उपलब्धियों का मोह और छोटी खुशियों का कत्ल**

हम एक ऐसी अंधी दौड़ में शामिल हैं जहाँ 'बड़ा' होना ही सफलता का पर्याय बन गया है। हम सोचते हैं कि जब बड़ा घर होगा, बड़ी पदवी होगी या बैंक बैलेंस करोड़ों में होगा, तब हम खुश होंगे। इस 'कल' की तलाश में हम अपना 'आज' मार रहे हैं।

खुशी कोई मंजिल नहीं है जिसे आप एक दिन पहुंच कर हासिल कर लेंगे; यह तो रास्ते में मिलने वाले छोटे-छोटे पत्थर हैं जो चमकते हैं। घर की चाय की चुस्की में, बच्चों की तुतलाहट में, किसी पुराने दोस्त के अचानक आए फोन में या बारिश की पहली बूंदों में जो आनंद है, वह किसी बड़े प्रमोशन की फाइल में नहीं मिलेगा। जो छोटी खुशियों को सहेज नहीं सकता, वह बड़ी खुशियों को कभी संभाल नहीं पाएगा।

**जीवन की क्षणभंगुरता : नश्वरता का बोध ही आनंद का मार्ग है**

भारतीय दर्शन कहता है कि यह शरीर और यह संसार नश्वर है। जिसे हम अपना कह रहे हैं, वह एक दिन मुट्ठी से रेत की तरह फिसल जाएगा। यदि हम इस सत्य को आत्मसात कर लें कि हमारी जीवन अवधि क्षणिक है तो हम नफरत, ईर्ष्या और प्रतिस्पर्धा के लिए समय ही नहीं निकाल पाएंगे। हर पल को इस तरह जीना चाहिए जैसे वह अंतिम हो। जब आप यह जान लेते हैं कि कल का भरोसा नहीं, तो आप आज को पूरी शिद्दत से खुशियों के नाम कर देते हैं। खुद खुश रहना केवल आपकी जरूरत नहीं, बल्कि समाज के प्रति आपकी जिम्मेदारी है, क्योंकि एक दुखी व्यक्ति केवल दुख ही बांट सकता है।

**कृतज्ञता : ईश्वर के उपहारों का सम्मान**

तुलना करना बंद कीजिए। आपके पास जो है, वह दुनिया के लाखों लोगों के लिए एक सपना है। बिना तुलना किए जब हम उस परम सत्ता का आभार व्यक्त करते हैं, तो मन में संतोष का भाव पैदा होता है। 'जो है, वह पर्याप्त है' - यह सोच ही इंसान को मानसिक गुलामी से मुक्त करती है। भौतिक विकास शरीर को सुख दे सकता है, लेकिन आत्मा की तृप्ति केवल 'संतुष्टि' से आती है।

**कार्यस्थल और परिवार : खुशी का वास्तविक केंद्र**

खुशी खरीदी नहीं जा सकती, लेकिन यह कमाई जरूर जा सकती है। अपने कार्यस्थल को केवल 'बोझ' न समझें। यदि आप अपने काम को ईश्वर की सेवा मानकर खुशी-खुशी करेंगे, तो थकान भी उत्सव बन जाएगी। उसी तरह, अपने घर-परिवार के रिश्तों में समय का निवेश करें। संवाद की कमी रिश्तों को खोखला कर रही है। अपनों के साथ बैठकर बात करना, उनके दुख-सुख को सुनना ही वह निवेश है जिसका लाभांश 'खुशी' के रूप में मिलता है।

**सौदेबाजी बंद करो, जीना शुरू करो**

अंततः, हमें यह समझना होगा कि जिस 'खुशी' को हम शोर-शराबे वाली दुकानों, महँगे ब्रैंड्स और डिजिटल दुनिया के दिखावे में तलाश रहे हैं, वह वहाँ कभी थी ही नहीं। हम उस कस्तूरी मृग की तरह हैं जो सुगंध की तलाश में पूरी दुनिया छान मारता है, जबकि वह महक उसकी अपनी नाभि में छिपी होती है।

बाजार आपको 'सुविधा' बेच सकता है, 'सुकून' नहीं। वह आपको 'बिस्तर' दे सकता है, 'नींद' नहीं। वह आपको 'भीड़' दे सकता है, 'साथ' नहीं। हमने इस महँगे सौदे में अपनी सादगी, अपनी शांति और अपना 'स्व' (Self) दांव पर लगा दिया है। अब समय आ गया है कि हम इस घाटे के व्यापार से बाहर निकलें।

खुशी कोई 'स्टेटस सिंबल' नहीं बल्कि 'साँसों का संगीत' है। यह किसी मॉल के शोर में नहीं, बल्कि घर की रसोई से आती महक में, किसी बूढ़े हाथ को थामने के अहसास में और प्रकृति की खामोशी को सुनने में छिपी है। जिस दिन हम तुलना करना छोड़ देंगे, उसी दिन हम अमीर हो जाएंगे।

उमेश कुमार साहू

# रालोद से नई पारी शुरू करेंगे केसी त्यागी

## भाजपा में उपेक्षित बेटे के लिए जमीन तैयार कर रहे ■ वेस्ट यूपी में पड़ेगा इंपैक्ट

**इंपैक्ट**

तमसा संकेत, संवाददाता

**मेरठ।** जनता दल यूनाइटेड के सीनियर नेता केसी त्यागी के राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) में शामिल होने की चर्चा तेज है। सूत्रों के मुताबिक, वह 22 मार्च को दिल्ली में जयंत चौधरी की मौजूदगी में रालोद की सदस्यता ले सकते हैं। नाम न छापने की शर्त पर रालोद के एक सीनियर नेता ने यह जानकारी दी है।

केसी त्यागी के अगले राजनीतिक कदम को लेकर दैनिक भास्कर ने उनसे बात की। उन्होंने कहा- वह अपने आगामी राजनीतिक सफर को लेकर विचार कर रहे हैं। टिकट और चुनाव से जुड़े फैसले बाद में लिए जाएंगे।

### जदयू में मेंबरशिप रिन्यूवल नहीं कराया

केसी त्यागी ने मुख्यमंत्री नीतीश के बेहद करीबी रहे हैं। एक समय ऐसा था कि उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भारत रत्न देने की मांग करते हुए पीएम मोदी को पत्र लिखा था। केसी त्यागी ने जनता दल यूनाइटेड (JDU) की सदस्यता का नवीनी-करण नहीं कराया है।



■ तस्वीर 11 जनवरी 2026 की है, जब केसी त्यागी की किताब का जयंत चौधरी ने विमोचन किया था।

इस पूरे घटनाक्रम की शुरुआत 17 मार्च को हुई। केसी त्यागी ने एक पत्र जारी कर बताया था- वह 22 मार्च को दिल्ली के मालवांकर हॉल में अपनी आगे की राजनीतिक दिशा का खुलासा करेंगे। पत्र के नीचे उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, बाबा भीमराव आंबेडकर और कर्पूरी ठाकुर के नाम लिखे थे। इसके साथ ही केसी त्यागी ने जदयू की सदस्यता भी आगे नहीं बढ़ाई है, जिससे उनके पार्टी से अलग होने के संकेत मिल रहे हैं।

राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि केसी त्यागी अक्सर जयंत चौधरी की तारीफ करते रहे हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि भाजपा की मजबूती के लिए जयंत चौधरी उपयोगी हैं और यूपी में आगे बढ़ने के लिए हर दल को रालोद की जरूरत है। इसी वजह से माना जा रहा है कि केसी त्यागी रालोद में शामिल हो सकते हैं। साथ ही, वह अपने बेटे के लिए राजनीतिक जमीन तैयार करना चाहते हैं।

### त्यागी ने जयंत चौधरी से कराया किताब का विमोचन

11 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में केसी त्यागी की लिखी किताब 'संकट में खेती' का विमोचन भारत मंडपम के पुस्तक मेले में हुआ था।

किताब का विमोचन रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने किया था। इसके बाद से ही कयास लगाए जा रहे थे कि त्यागी रालोद का रुख कर सकते हैं।

ये किताब चौधरी चरण सिंह और स्वामी सहजानंद सरस्वती को समर्पित है, जो किसानों के संघर्ष और समस्याओं पर प्रकाश डालती है। इस समारोह में जयंत का आना और जयंत चौधरी का केसी त्यागी की तारीफ में कही बातों के बाद से त्यागी के रालोद के साथ जुड़ने का संकेत और प्रबल हो गया था।

### गाजियाबाद और मेरठ सीट से लड़ा सांसदी का चुनाव

1989 में गाजियाबाद से सांसदी का चुनाव जनता दल के टिकट पर लड़कर जीते। तब उन्होंने कांग्रेस के प्रेममोहन जो मोहन मिकिंस कंपनी के मालिक थे और कांग्रेस के सिटिंग एमपी थे, उनको हराया। हालांकि, बाद में 1991 के चुनाव में रामलहर में त्यागी भाजपा के रमेशचंद तोमर से हार गए। इसके बाद जनता दल टूट गया। तब मुलायम सिंह ने जनता दल से निकलकर सपा बनाई। उस वक्त केसी त्यागी सपा में गए, लेकिन सपा में उनको वो जगह कभी नहीं मिली। वो आखिरी में समता पार्टी में नीतिश कुमार के साथ चले गए। फिर 2004 लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जदयू को मेरठ सीट लड़ने के लिए दी। तब केसी त्यागी ने जदयू से मेरठ सीट से सांसदी का चुनाव लड़ा। लेकिन, इस चुनाव में बसपा के शाहिद अखलाक जो मेयर रहे, वो चुनाव जीत गए।

# सौरभ हत्याकांड में शिमला होटल मैनेजर की गवाही

तमसा संकेत, संवाददाता



मेरठ। मेरठ के चर्चित सौरभ हत्याकांड में बृहस्पतिवार को शिमला के होटल मैनेजर देवेंद्र सिंह को गवाही के लिए बुलाया गया। देवेंद्र शर्मा ने बृहस्पतिवार को जिला जज की कोर्ट में मेरठ में अपनी गवाही दी।

देवेंद्र शर्मा पुत्र शोभाराम है। देवेंद्र ने बताया कि 2025 में मुस्कान-साहिल उसके होटल में रुकने आए थे। दोनों उसके होटल में आकर रुके थे। वो सौरभ की हत्या करके आए थे ये हमें नहीं पता था।

उनके चेहरे से मुझे बिल्कुल नहीं पता था कि वो क्या करके आए हैं। कोर्ट में बस यही पूछा गया कि क्या मुस्कान-साहिल हमारे यहां रुके थे। तो वो हमारे यहां रुके थे ये मैंने बताया है।

विजयबहादुर सिंह ने बताया कि शिमला से होटल लॉर्डस ग्रे के मैनेजर देवेंद्र की गवाही हुई है। उन्होंने बताया कि 5 से 7 मार्च

■ कोर्ट में बोलाझ 5 से 7 मार्च तक मुस्कान-साहिल हमारे होटल में रुके थे

2025 तक मुस्कान-साहिल हमारे होटल में आए थे। रुके भी थे। वो अपने साथ होटल का वो एंट्री रजिस्टर लेकर आए थे। जो कोर्ट में दिखाया है। साथ ही कुछ फुटेज थी वो भी लेकर आए थे।

उन्होंने पुलिस को जो रजिस्टर की एंट्री दी थी वो तस्दीक कराई है। बाकी और जो साक्ष्य थे वो भी अपने साथ लाए थे उनको दिखाया है। अभी सुनवाई की अगली तारीख तय नहीं हुई है। लेकिन अब इस केस में कसौल के होटल मैनेजर को गवाही के लिए बुलाया है।

**फास्ट न्यूज**

### भाजपा सरकार झूठ बोलने में माहिर : प्रमोद तिवारी

मिर्जापुर। राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी ने गुरुवार को भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार झूठे आंकड़े प्रस्तुत कर रही है और उसकी नीतियां देश के लिए घातक साबित हो रही हैं। श्री तिवारी नवरात्र के अवसर पर मां विंध्यवासिनी मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार एलपीजी की उपलब्धता को लेकर गलत दावे कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर इसकी कमी देखने को मिल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अयोध्या में एलपीजी के अभाव में राम रसोई तक बंद हो गई है।

### उत्तर प्रदेश विकास की नई परिभाषा गढ़ रहा : रविन्द्र जायसवाल

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश विकास की नयी गाथा गढ़ रहा है। श्री जायसवाल ने काशी के नाटी इमली स्थित भरत मिलाप मैदान में गुरुवार को "नवनिर्माण के 9 वर्ष" विषयक चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। 19 से 26 मार्च तक चलने वाली इस आठ दिवसीय प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार के नौ वर्षों के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को चित्रों, पोस्टरों और डिजिटल माध्यमों के जरिए प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में 53 चित्रों के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया है, जिसमें "योगी की पाती" विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

### महिला सहित दो पशु तस्कर गिरफ्तार, सात गोवंश बरामद

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में कोन थाना क्षेत्र के रानीडीह जंगल में पुलिस ने एक महिला समेत दो पशु तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सात गोवंश बरामद किए हैं। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि पशु तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर कोन थाना पुलिस ने रानीडीह जंगल में घेराबंदी कर कार्रवाई की। इस दौरान एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

शंकराचार्य बोले-क्रूज में लोग न जाने क्या-क्या कर रहे

# भीड़ ने काशी की पवित्रता खत्म की

तमसा संकेत, संवाददाता

प्रयागराज। 'गंगा जी की अवमानना 2014 से ही शुरू हो गई। जब यहां के सांसद आए और उन्होंने कहा कि मुझे तो मां गंगा ने बुलाया है। लोगों ने सोचा कि यह तो बहुत बड़े गंगा भक्त हैं। गंगा जी ने तो उनको साक्षात बुला लिया। लेकिन उसके बाद से देखिए, काशी 16 नाले गिर रहे थे, अभी तक हमारी जानकारी में नहीं है कि कोई नाला बंद हो गया है।'

'आज 12 साल के बाद भी 16 नाले जैसे के तैसे गिर रहे हैं। जब राष्ट्राध्यक्ष को लेकर आए थे तो नालों के सामने होर्डिंग लगाकर उन्होंने छिपाया, ताकि, नाव से वह देख न लें कि नाला यहां गिर रहा है। यही नहीं अब यहां पर माई को कमाई का साधन बना लिया गया है।'



दो दिन पहले गंगा नदी में नाव पर बैठकर इफ्तार करने वाले मामले में उन्होंने कहा कि यहां पर अब माहौल बदल गया है। खुली नाव की जगह 40 कमरों वाले होटल तैर रहे हैं। यह सब उसी कड़ी का हिस्सा है।

इसके पहले नव संवत्सर के अवसर काशी के शंकराचार्य घाट स्थित श्रीविद्यामठ में ज्योतिष्पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द ने सनातनी पंचांग का लोकार्पण किया। इस दौरान गंगा घाट पर एक साथ हजारों लोगों ने मां गंगा की आरती उतारी और पवित्रता का संकल्प लिया।

2 गिरफ्तार ■ पाकिस्तानी गैंगस्टर से जुड़े थे, कई मंदिरों का वीडियो भेजा

# आतंकी साजिश का खुलासा

**निर्देश**

तमसा संकेत, संवाददाता

**हापुड़।** हापुड़ पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर में बड़ी आतंकी साजिश रचने के आरोप में दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मेरठ के आजाद राजपूत और हापुड़ के अजीम राणा के रूप में हुई है। ये दोनों पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के नेटवर्क से जुड़े थे और दिसंबर से उसके संपर्क में थे।

पुलिस के अनुसार, अजीम राणा पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी से सीधे जुड़ा हुआ था। उससे वीडियो कॉल पर नियमित रूप से बातचीत करता था। भट्टी उसे दिल्ली-एनसीआर में संभावित आतंकी ठिकानों की रेकी करने और वीडियो-फोटो भेजने का काम सौंपता था।



अजीम राणा ने दिल्ली के रामेशनगर मेट्रो स्टेशन, एक सनातन मंदिर और उसके आसपास की कॉलोनियों की वीडियो बनाकर पाकिस्तान भेजी थी। शहजाद भट्टी ने उसे अगला निशाना नोएडा के बिसरख गांव स्थित रावण मंदिर को बनाने का निर्देश दिया था।

गिरफ्तार अजीम राणा (28 वर्ष) हापुड़ के थाना धौलाना के मुगल गार्डन का निवासी है, जबकि आजाद राजपूत मेरठ के भावनपुर थाना क्षेत्र के जेई गांव का रहने वाला है। जांच में सामने आया है कि शहजाद भट्टी इससे पहले पंजाब और हरियाणा के कई पुलिस थानों पर ग्रेनेड हमले करवा चुका है।

### कौन है शहजाद भट्टी?

PAK सरकार पाबंदी लगा चुकीः शहजाद भट्टी पाकिस्तान का बड़ा डॉन माना जाता है। उसके तार वहां के भूमाफिया और कुख्यात अंडरवर्ल्ड डॉन से जुड़े हैं। यही वजह रही कि पाकिस्तान सरकार ने उस पर पाबंदी भी लगा दी थी। वह डॉन फारुख खोखर का करीबी था, लेकिन बाद में अनबन हो गई।

**5 साल बाद गुपचुप पाकिस्तान आयाः** पाकिस्तानी सरकार की पाबंदी की वजह से वह लंबे समय तक विदेशों में रहा। हालांकि, 5 साल बाद 4 मई, 2025 को पाकिस्तान लौटा। पाकिस्तानी सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की और वह फिर विदेश लौट गया। उसका नेटवर्क सिर्फ पाकिस्तान तक सीमित नहीं है, बल्कि यूरोप, यूके, अमेरिका, कनाडा और दुबई सहित कई देशों में फैला हुआ है।

■ मंदिर और आसपास के इलाकों की फोटो, वीडियो और लोकेशन पाकिस्तान को शेयर की

■ इंस्टाग्राम से शुरू हुआ संपर्क, पैसों के लालच में बने जासूस

■ मंदिरों, मेट्रो स्टेशन और सरकारी जगहों की रेकी की

**बम-हथियारों का इंटरनेशनल नेटवर्कः** शहजाद भट्टी का असली खेल बम बनाने और हथियारों की तस्करी से जुड़ा है। उसके नेटवर्क के जरिए चीन, अमेरिका, रूस जैसे देशों से हथियार खरीदे जाते हैं और फिर उन्हें पूरी दुनिया में पहुंचाया जाता है। भारतीय खुफिया एजेंसियों को भट्टी के यूरोप में होने के इनपुट हैं, लेकिन सही लोकेशन किसी को पता नहीं है।

# सूरतगंज में सियासी हलचल तेज

## संगठन और जमीनी सक्रियता के सहारे शेखर हयारण चर्चा में

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। रामनगर विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों भाजपा जिला उपाध्यक्ष शेखर हयारण की बढ़ती सक्रियता ने राजनीतिक माहौल को गर्म कर दिया है। एक ओर जहां उनकी लगातार बढ़ती जनसंपर्क गतिविधियां चर्चा का विषय बनी हुई हैं, वहीं दूसरी ओर संगठन और क्षेत्रीय स्तर पर उनकी मजबूत पकड़ को लेकर कयासों का दौर भी तेज हो गया है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि शेखर हयारण ने बीते कुछ महीनों में जिस तरह से गांव-गांव पहुंचकर आम जनता से सीधा संवाद स्थापित किया है, उसने उन्हें स्थानीय स्तर पर एक प्रभावशाली चेहरे के रूप में स्थापित किया है।

खासकर पिछड़े वर्ग में उनकी पैठ को लेकर पार्टी के भीतर भी सकारात्मक संकेत माने जा रहे हैं।ढहालांकि शेखर हयारण स्वयं किसी भी तरह की चुनावी दावेदारी से फिलहाल इनकार करते हुए कहते हैं कि "पार्टी का निर्णय सर्वोपरि है, जो भी जिम्मेदारी मिलेगी उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाया जाएगा।"



### संगठन से लेकर सत्ता तक मजबूत तालमेल

शेखर हयारण की खासियत यह मानी जा रही है कि वे संगठन और सत्ता, दोनों स्तरों पर संतुलन बनाकर चल रहे हैं। उनकी पत्नी का ब्लॉक प्रमुख होना भी क्षेत्रीय राजनीति में उनकी पकड़ को और मजबूत करता है। इसके अलावा वे जिला स्तरीय कार्यक्रमों के साथ-साथ विधानसभा स्तर के आयोजनों में भी सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

हाल ही में उनकी मौजूदगी केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, जितिन प्रसाद सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ देखी गई, जिससे उनके राजनीतिक कद में वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि वे केवल स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि शीर्ष नेतृत्व से भी उनका संवाद बना हुआ है।

### विकास कार्यों के जरिए मजबूत होती पकड़

शेखर हयारण ने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र पंचायत निधि से कराए गए विकास कार्यों को अपनी प्राथमिकता बताया है। उनके अनुसार, बिना किसी भेदभाव के गांवों में सीसी रोड, इंटरलॉकिंग, नाला निर्माण, सामुदायिक शौचालय, वाटर कूलर और रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे कार्य कराए गए हैं।

उन्होंने बताया कि आने वाले समय में करीब 1.25 करोड़ रुपये की लागत से और विकास कार्यों की योजना तैयार की गई है, जो टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही शुरू हो जाएंगे। यह योजनाएं न केवल क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगी, बल्कि स्थानीय जनता के जीवन स्तर में भी सुधार लाने का काम करेंगी।

# पति ने पत्नी का गला घोंटा

## पत्नी मोबाइल पर बात करती थी, मार डाला ■ बेटे लाश के पास सोते रहे

तमसा संकेत, संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज में पति ने अपनी पत्नी को इसलिए मार डाला कि वह मोबाइल पर व्यस्त रहती थी। उसके घर आने पर भी मोबाइल चलाती रहती थी, उससे दूरी बनाए रहती थी। पति को शक था कि पत्नी किसी दूसरे युवक से मोबाइल पर बात करती है।

मंगलवार देर रात भी ऐसा ही हुआ। पति शैलेष ने पत्नी संगीता को कई बार मोबाइल छोड़ने को कहा, लेकिन वह नहीं मानी। इस पर शैलेष को गुस्सा आ गया और उसने संगीता का गला घोंट दिया। पड़ोसन जब घर पहुंची, तो उसने शोर मचाया। बच्चों की गवाही



के बाद पुलिस ने पति शैलेष को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सराय इनायत थाना क्षेत्र की है।

पुलिस पूछताछ में आरोपी शैलेष ने बताया कि मंगलवार देर रात जब वह घर पहुंचा, तो पत्नी मोबाइल चला रही थी। टोकने पर दोनों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। गुस्से में आकर

### 13 साल पहले हुई थी शादी

गांव पट्टीछीट में शैलेष रहता है। उसकी शादी करीब 13 साल पहले फूलपुर के शेखपुर मोहल्ले की रहने वाली संगीता (30) से हुई थी। दोनों के 2 बेटे-शिवम (12) और सिद्धार्थ (6) हैं।

उसने पहले पत्नी को डंडे से पीटना शुरू कर दिया।

चीख-पुकार सुनकर कमरे में सो रहे दोनों बच्चे जाग गए। लेकिन शैलेष ने उन्हें डांटकर फिर से सुला दिया। इसके बाद उसने संगीता को और पीटा। उसका सिर कमरे में रखे तख्त के कोने से लड़ा दिया।

### मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

प्रयागराज। प्रयागराज में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन गुरुवार को देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। संगम तट के पास स्थित 51 शक्तिपीठों में से एक मां अलोप शंकरी देवी मंदिर में विशेष आस्था देखने को मिली। इस दिन मां शैलपुत्री का पूजन किया गया और हिंदू नव संवत्सर 2083 का भी शुभारंभ हुआ। अलोप शंकरी मंदिर के कपाट ब्रह्ममुहूर्त में ही खोल दिए गए थे। सुबह 4 बजे से ही मंदिर परिसर 'जय माता दी' के जयकारों से गूंज उठा।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अम्बेडकरनगर**

पत्रांक : 995/निविदा दिनांक : 11/3/2026

**ई–निविदा सूचना**

उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदया की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रा०ख०, लोक निर्माण विभाग अम्बेडकरनगर में पंजीकृत श्रेणी वर्ग–ए/बी/सी/डी/ई में पंजीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण में अंकित सीमा के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु प्रतिशत दर पर ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित करते है। निम्नलिखित कार्यो की निविदा राज्य सूचना केन्द्र (एन०आई०सी०) की बेवसाइट http://etender.up.nic.in एवं प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। कार्य से सम्बन्धित निविदा का विवरण प्रपत्र उक्त बेवसाइट पर डाउनलोड हेतु उपलब्ध रहेगा।

| क्र0 सं0 | खण्ड का नाम | कार्य का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (रु0 लाख में) | धरोहर धनराशि लगत (रु0 लाख में) | थनविदा प्रपत्र मूल्य (रु0 में) | कार्य का पूर्ण करने का समय | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 अम्बेडकरनगर | पी०एम० श्री कम्पोजिट विद्यालय उमरपुर अकबरपुर में अवस्थापना सुविधाओं के अन्तर्गत खेल मैदान विकसित का कार्य। | 2.00 | 0.20 | 854/– | 03 Month | A,B,C,D,E |
| 2 | –तदैव– | पी०एम० श्री कम्पोजिट विद्यालय बनियानी बसखारी में अवस्थापना सुविधाओं के अन्तर्गत खेल मैदान विकसित का कार्य। | 2.00 | 0.20 | 854/– | 03 Month | A,B,C,D,E |
| 3 | –तदैव– | पी०एम० श्री कम्पोजिट विद्यालय बसोहरी भीटी में अवस्थापना सुविधाओं के अन्तर्गत खेल मैदान विकसित का कार्य। | 2.00 | 0.20 | 854/– | 03 Month | A,B,C,D,E |
| 4 | –तदैव– | पी०एम० श्री कम्पोजिट विद्यालय लोहरा बरामदपुर कटेहरी में अवस्थापना सुविधाओं के अन्तर्गत खेल मैदान विकसित का कार्य। | 2.00 | 0.20 | 854/– | 03 Month | A,B,C,D,E |
| 5 | –तदैव– | पी०एम० श्री कम्पोजिट विद्यालय मोहम्मदपुर बसखारी में अवस्थापना सुविधाओं के अन्तर्गत खेल मैदान विकसित का कार्य। | 3.00 | 0.30 | 854/– | 03 Month | A,B,C,D,E |
| 6 | –तदैव– | पी०एम० श्री कम्पोजिट विद्यालय खासपुर टाण्डा में अवस्थापना सुविधाओं के अन्तर्गत खेल मैदान विकसित का कार्य। | 3.00 | 0.30 | 854/– | 03 Month | A,B,C,D,E |

सम्पूर्ण बिड प्रपत्र को ई टेण्डरिंग बेवसाइट https://etender.up.nic.in से दिनांक 23.03.2026 से 30.03.2026 तक देखा/डाउनलोड किया जा सकता है। बिड दाता को अपनी वित्तीय एवं तकनीकी बिड https://etender.up.nic.in पर दिनांक 30.03.2026 (12:00 बजे) तक या उससे पहले ऑनलाइन करनी होगी। बिड दाताओं से प्राप्त ऑनलाइन बिडें दिनांक 30.03.2026 को 12:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्त तथा विवरण बेवसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीयित निविदा दाता जो विवरण ई–टेण्डरिंग, एन०आई०सी० की साइट पर अपलोड किया जाना है, से साथ ही साथ लोक र्माण विभाग की बेवसाइट www.uppwd.gov.in पर चाणक्य पोर्टल के प्रहरी साफ्टवेयर में भी अपलोड किया जाना है।

(इं० सौरभ सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, अम्बेडकरनगर

उ0प्र0: 248514 दिनांक: 18.03.2026
Website: www.upgov.nic.in


# बनीकोडर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष बने राजेश सिंह

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। विकासखंड बनीकोडर में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। जिसमें राजेश सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, उदय कुमार अग्रवाल मंत्री ,शैलेन्द्र द्विवेदी ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दिनेश प्रताप सिंह ब्लॉक कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय ने कहा कि संगठन सदैव शिक्षकों के मान-सम्मान, अधिकारों और समस्याओं के समाधान के लिए संघर्षरत रहा है। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर मजबूत और सक्रिय टीम ही संगठन की वास्तविक ताकत होती है। नवगठित कार्यकारिणी से अपेक्षा है कि वह शिक्षक हितों की रक्षा, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार और संगठन की नीतियों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाएगी।



कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष डॉ0 राकेश सिंह, जनपदीय मंत्री उमा नाथ मिश्र, जनपदीय कोषाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, प्रांतीय संगठन मंत्री एवं जनपदीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ0 देवेंद्र द्विवेदी, जनपदीय संयुक्त मंत्री सुनील त्रिपाठी, दिलीप तिवारी ,जय कुमार जिला मीडिया प्रभारी , जनपदीय उपाध्यक्ष श्याम किशोर बाजपेई,जनपदीय संगठन मंत्री मृगांक शेखर मिश्रा,शशांक मिश्रा, लक्ष्मी कांत मिश्रा, रमेश, अभिषेक, समीर, कृष्णा मोहन, श्रीवंत ब्लॉक , ललित पाण्डेय, दीपक कुमार, शिवा कांत शुक्ला, पंकज वर्मा, अखिलेश वर्मा, भूपेंद्र प्रताप सिंह , अमित कुमार , आलोक कांत मिश्रा , ओमकार वर्मा , मनोज सिंह , कार्यालय प्रभारी संजय पाण्डेय सहित अनेक शिक्षक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# माटी परियोजना से बदली तस्वीर

## खेती से जुड़कर आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ीं ग्रामीण महिलाएं

तमसा संकेत, संवाददाता

**सूरतगंज (बाराबंकी)।** के भगौली ग्राम पंचायत में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में HCL Foundation की "माटी परियोजना" ने ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता की नई तस्वीर पेश की। 250 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया, जो अब खेती, उत्पादन और आय सृजन में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

परियोजना के तहत आधुनिक कृषि



यंत्र, प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता मिलने से महिलाओं की आय बढ़ी है और वे खुद फैसले लेने लगी हैं। SHG और ग्राम संगठनों से जुड़कर कई महिलाओं ने छोटे व्यवसाय भी शुरू किए हैं।

कार्यक्रम में महिला सुरक्षा और अधिकारों पर भी जागरूकता दी गई। अंत में महिलाओं को सम्मानित किया गया। यह पहल दिखाती है कि सही अवसर मिलने पर ग्रामीण महिलाएं समाज में बड़ा बदलाव ला सकती हैं।

### फिल्म धुरंधर- द रिवेंज' में माफिया अतीक

प्रयागराज। इंटर स्टेट गैंग आईएस-227 का सरगना माफिया अतीक अहमद एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार अतीक अहमद का नाम बॉलीवुड में गूंज रहा है। फिल्म धुरंधर की ऐतिहासिक सफलता के बाद अब धुरंधर – द रिवेंज' रिलीज हो चुकी है। फिल्म सोशल मीडिया पर छाई है, लेकिन इस बार इसके सुर्खियों में आने का दूसरा पहलू माफिया अतीक अहमद भी है। धुरंधर के दूसरे पार्ट में बाहुबली नेता अतीक अहमद से हुबहू मिलने वाली शक्ल के किरदार को अहम रोल में दर्शाया गया है। हालांकि फिल्म में जिस किरदार को माफिया अतीक सरीखा दिखाया गया है उसका नाम आतिफ रखा गया है ताकि पात्र काल्पनिक जैसा नजर आए।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र सूचना**

**संदर्भः– निविदा सूचना संः 106–सिग–टेन्डर–69/2025–26 दिनांकः 16.03.2026 के लिये शुद्धिपत्र।**

उपरोक्त सन्दर्भित निविदा सूचना जो कि पूर्व में प्रकाशित की गयी है में निम्नलिखित परिवर्तन पढ़े जाये।

**आइटम संशोधित**

| Code | Field Name | Existing Value | Modified Value |
|---|---|---|---|
| EMD | Earnest Money (INR) | 4,14,200.00 | 10,56,900.00 |

IREPS पर नया टेन्डर डॉक्यूमेंट अपलोड कर दिया गया है। अन्य शर्ते पूर्ववत ही रहेंगी।

**सं.: 106–सिग–टेन्डर–69/2025–26 शुद्धिपत्र दिनांकः 18.03.2026 945/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सांपों के जहर मामले में कोर्ट ने रद्द की यूपी पुलिस की एफआईआर, नहीं मिले ठोस सबूत

# यूट्यूबर एल्विश यादव को बड़ी राहत

**सुनवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी

नोएडा । फेमस यूट्यूबर एल्विश यादव को सांपों के जहर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने एल्विश यादव के खिलाफ दर्ज सांपों के जहर मामले को खत्म कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि एल्विश यादव के खिलाफ लगाए गए आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त और ठोस सबूत नहीं हैं। जिसके बाद कोर्ट ने अब एफआईआर को रद्द कर दिया है। दरअसल रियलिटी शो बिग बॉस से चर्चा में आए यूट्यूबर एल्विश यादव समेत 6 लोगों के खिलाफ नवंबर 2023 में एक FIR दर्ज की गई थी। आरोप था कि एल्विश यादव फार्म हाउसों में जिंदा सांपों के साथ वीडियो शूट कराते हैं। रेव पार्टी करते हैं, जिसमें नशे के लिए सांप के जहर का भी यूज होता है। पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को पकड़ा था। जिनके पास से 9 जहरीले सांप और 20 मिलीमीटर जहर बरामद हुए थे। इनमें 5 कोबरा, एक अजगर, दो दोमुंहे सांप और एक रैट स्नेक थे। जिसके बाद सभी पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम और एनडीपीएस एक्ट (NDPS Act) के तहत मामला दर्ज किया गया था। फिर 17 मार्च 2024 को नोएडा पुलिस ने पूछताछ के बाद एल्विश को गिरफ्तार किया था और 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा था। हालांकि, उन्हें कुछ दिनों बाद जमानत मिल गई थी, लेकिन यह मामला काफी चर्चा में रहा।



तस्वीर 17 मार्च 2024 की है, नोएडा पुलिस एल्विश को पेशी पर कोर्ट ले गई थी।

### एल्विश बोले- निर्दोष हूं, झूठा फंसाया गया

नोएडा पुलिस ने एल्विश यादव समेत कुछ लोगों पर सांप का जहर पार्टी में इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए FIR दर्ज की थी। आरोप था कि उन्होंने एक पार्टी में अवैध तरीके से सांपों और जहर का इस्तेमाल किया था। इस मामले में वन विभाग और पुलिस की जांच के बाद चार्जशीट दाखिल की गई। एल्विश ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि मेरे खिलाफ गलत और बिना सबूत के आरोप लगाए गए हैं। मैं निर्दोष हूं और मुझे झूठे केस में फंसाया गया है।



### 3 महीने पहले हाईकोर्ट ने चार्जशीट रद्द करने की याचिका खारिज की थी

एल्विश यादव को इलाहाबाद हाईकोर्ट से 3 महीने पहले बड़ा झटका लगा। कोर्ट ने रेव पार्टी में ड्रग्स-सांप के जहर के इस्तेमाल के मामले में चार्जशीट रद्द करने की याचिका खारिज कर दी। जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव ने कहा- यादव के खिलाफ चार्जशीट और FIR में बयान हैं। ऐसे आरोपों की जांच मुकदमे के दौरान की जाएगी।

### हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ एल्विश की अपील पर सुनवाई

न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एल्विश यादव की याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता गौरव गुप्ता को नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ एल्विश यादव की अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। चार्जशहट में विदेशियों समेत अन्य लोगों की तरफ से रेव पार्टियों में मनोरंजन के लिए सांप के जहर का सेवन करने का आरोप लगाया गया है।

## हज 2026 में जाने वाले हज यात्रियों की हज यात्रा सुगम

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ । सचिव/कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति ने हज-2026 हेतु पासपोर्ट पहले से जमा करने की आवश्यकता समाप्त करते हुए आवश्यक सुझाव देते हुए बताया है की मूल अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट अपनी अभिरक्षा में सुरक्षित रखें तथा फ्लाइट बुकिंग हेतु उड़ान स्थल पर पहुंचते समय अपने साथ लायें। यात्रा प्रपत्र उड़ान स्थल पर मूल अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट दिखाने पर उपलब्ध कराया जायेगा।

उन्होंने बताया पासपोर्ट सत्यापन हज-2026 में जाने वाले यात्री बुकिंग के समय पासपोर्ट जमा करने से पहले तथ्यों को सत्यापित कर लें जैसे कि पासपोर्ट की वैद्यता 31 12.2026 तक होना अनिवार्य है। पासपोर्ट किसी भी रुप में कटा-फटा, पानी धब्बा युक्त व लैमिनेशन नुचा आदि नही होना चाहिए। पासपोर्ट में कम-से-कम दो पन्ने वीजा स्टैम्पिग हेतु खाली होना चाहिए। पासपोर्ट में नाम, फोटो, जन्म तिथि और अन्य विवरण हज आवेदन में उपलब्ध डाटा के अनुरुप है यह सुनिश्क्ति करे,किसी भी विसंगति/डैमेज की स्थिति में सूचना तत्काल उ०प्र० राज्य हज समिति को समय रहते उपलब्ध करा दें। अन्यथा यात्रा बाधित हो जायेगी। फ्लाइट बुकिंग की पुष्टि के संबंध में अवगत कराते हुए उन्होंने कहा है कि हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई द्वारा पोर्टल पर फ्लाइट बुकिंग सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

**सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाने हेतु हज कमेटी आफ इण्डिया ने सकुर्लर 34 में दिए निर्देश**

**फास्ट न्यूज**

### कानपुर जिला कारागार में 850 बंदी रखेंगे नवरात्रि का व्रत

कानपुर । कानपुर में चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। नवरात्रि का उत्सव कानपुर जेल में भी विशेष रूप से मनाया जाएगा। जेल में बंद करीब 850 महिला और पुरुष बंदियों के लिए विशेष मेन्यू तैयार किया गया है।

इसमें सिंघाड़े के आटे की पूड़ी, साबूदाना खिचड़ी और देसी घी से बने 27 प्रकार के व्यंजन शामिल हैं। जेल के मंदिर में सुबह और शाम कीर्तन किया जाएगा।

### कानपुर में टैंकर ने तीन युवकों को कुचला

कानपुर । कानपुर में टैंकर ने बाइक सवार 3 युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों युवक टैंकर के नीचे आ गए और करीब 100 मीटर तक घसीटते चले गए। हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, आरोपी चालक टैंकर छोड़कर भाग गया। सूचना मिलते ही परिवार वाले और पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए परिजनों ने हंगामा शुरु कर दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। पुलिस ने क्रेन से टैंकर को हटाने की कोशिश की। इस दौरान परिजन टैंकर के नीचे लेट गए। पुलिस उन्हें हटाने की कोशिश करती रही, लेकिन वे नहीं हटे।

### लालबंगला सब्जी मंडी में गैस रिफिलिंग पर बड़ा छापा

कानपुर । कानपुर के जाजमऊ थाना क्षेत्र स्थित लालबंगला सब्जी मंडी में गुरुवार सुबह करीब 11 बजे प्रशासन ने अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। एडीएम आपूर्ति समेत कई अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मंडी पहुंचे और 10 से अधिक दुकानों, गोदामों और घरों में छापेमारी की।

## शैक्षिक भ्रमण पर गुजरात जाएंगे मथुरा के अध्यापक





तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा । बेसिक शिक्षा विभाग मथुरा के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत दो शिक्षकों पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय बाटी के प्रभारी प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार शर्मा और नौहझील के पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय नावली के प्रभारी प्रधानाध्यापक राम प्रकाश पाठक का चयन गुजरात के गांधीनगर जनपद में शैक्षिक भ्रमण के लिए किया गया है। विदित हो कि शिक्षा के 'गुजरात मॉडल' को समझने और बेहतरीन शैक्षणिक प्रथाओं को सीखने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के समस्त 75 जनपदों से दो दो उत्कृष्ट शिक्षकों का चयन करके गुजरात के गांधीनगर स्थित आईआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में शैक्षिक भ्रमण के लिए किया गया है। गांधीनगर के इस तीन दिवसीय शैक्षिक भ्रमण में यह शिक्षक आईआईटी गांधीनगर के विशेषज्ञों से नवीनतम शिक्षण विधियों, प्रविधियों, पद्धतियों, स्मार्ट क्लासरूम एवं नवाचारों के बारे में विस्तार से जानेंगे तथा गुजरात के सरकारी स्कूलों की कार्यप्रणाली का अध्ययन कर, यह शिक्षक मथुरा में आकर स्थानीय शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए प्रयास करेंगे।

## कैंट एरिया में जलता देख यात्री ने सूचना दी, बैग में प्रतापगढ़ के बुजुर्ग का आधार-मोबाइल मिला

# कानपुर में दिल्ली रूट पर फटा सिलेंडर मिला

**जांच**

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । कानपुर सेंट्रल स्टेशन से 2 किमी दूर दिल्ली-प्रयागराज रेलवे ट्रैक किनारे बुधवार रात पांच किलो का गैस सिलेंडर जलता मिला। ट्रेन में सफर कर रहे यात्री की सूचना पर पुलिस और RPF की टीम मौके पर पहुंची।

पास ही एक बैग पड़ा था, जिसमें कपड़े, बर्तन, झूला, मोबाइल, आधार कार्ड और अन्य सामान मिले हैं। आधार कार्ड प्रतापगढ़ के ओम प्रकाश मिश्रा (52) का है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि यात्रा के दौरान बैग गिरने से सिलेंडर फटा होगा, जिससे उसमें आग लग गई। प्रयागराज जा रही महाबोधि एक्सप्रेस से बैग गिरने की आशंका है।

पुलिस अफसरों के साथ एफएसएल टीम, जीआरपी और आरपीएफ, क्राइम ब्रांच जांच कर रही है। साजिश और शरारत के एंगल पर भी जांच की जा रही। घटना के बाद मौके पर कोई व्यक्ति नहीं मिला। पुलिस को ओमप्रकाश का मोबाइल और अन्य दस्तावेज घटनास्थल से मिले हैं।

आरपीएफ और स्थानीय पुलिस ने ओमप्रकाश मिश्रा की तलाश शुरू कर दी है। ट्रेन में सिलेंडर लेकर सफर करने के जुर्म में भी उन पर कार्रवाई हो सकती है।



**ओमप्रकाश मूलरूप से प्रतापगढ़ के रहने वाले हैं और दिल्ली में अपने बेटे के पास सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। आशंका है कि बेटे से झगड़ा करके पूरा सामान समेटकर ओमप्रकाश गांव आ रहे होंगे, इसी दौरान उनका बैग गिर गया होगा।**

**पुलिस के मुताबिक, चलती ट्रेन से बैग गिरने पर सिलेंडर फट गया होगा। या गैस लीक होने पर यात्रियों द्वारा सिलिंडर को ट्रेन से बाहर फेंक दिया गया होगा। ऐसी स्थिति में पत्थर से टकराकर सिलेंडर में छेद हो गया और आग लग गई।**



ट्रैक किनारे पड़े पत्थरों से टकराकर सिलेंडर पिचक गया। बड़ा छेद भी हो गया था।

### ओमप्रकाश दिल्ली से गांव के लिए निकले थे

डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया- डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन से लगभग 2 किलोमीटर आगे एक सिलेंडर में आग लगी है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के आधार पर ओमप्रकाश मिश्रा से संपर्क करने किया तो उनके बेटे ने फोन उठाया। बेटे ने बताया कि ओमप्रकाश दिल्ली से प्रतापगढ़ के लिए निकले थे। वे शराब के आदी हैं और लगभग 7 हजार रुपए और सामान लेकर बिना बताए घर से चले गए थे।

## हजारों श्रद्धालुओं ने विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया

# श्रीमद् भागवत कथा का समापन

तमसा संकेत, संवाददाता

बलदेव। कस्बा स्थित रीढ़ा मोहल्ला में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन हो गया। कथा के समापन के बाद एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।कथा के समापन दिवस पर आयोजित सामूहिक हवन में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर आम जनमानस और विश्व कल्याण की प्रार्थना की। शाम को नगर परिक्रमा हुईं। इस अवसर पर परीक्षित श्याम सुन्दर अग्रवाल,रेखा अग्रवाल, उपज जिलाध्यक्ष अतुल जिंदल,उमेश अग्रवाल,संजीव अग्रवाल,अजय सिकरवार,माधव तेहरिया,चंद्रपाल सिंह,विनय अग्रवाल,देव अग्रवाल,अखिलेश पाठक, बंटी पहलवान,अजीत पहलवान,राधिका चौधरी,पवन गोयल,रवेंद्र सिंह,बच्चू सिंह,सतेंद्र पहलवान,ओमप्रकाश गर्गाचार्य, रवि गर्गाचार्य,गोविंद सेठ,अनुज उपमन्यु,राजेश पाठक,सुरेन्द्र चौधरी,शिवा उपाध्याय ,देवेंद्र तिवारी, बंटी अभि मैरिज होम,सुदीप बंसल, भोला सेठ,शुभम अग्रवाल,रिंकू सेठ,हरिओम दादा,सोनू सिकरवार सभासद,राकेश सेठ,सुशील वर्मा,दिलीप वर्मा,सोनू भैया,युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कस्बावासियों व सहयोगियों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया और पूरे आयोजन को भक्ति, श्रद्धा और सेवा भाव के साथ संपन्न कराया।



**"भागवत प्रवक्ता आचार्य मनीष गर्गाचार्य ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म, प्रेम और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाली दिव्य साधना है।**

## गाजियाबाद में 3 दिन से घर में बंद था, पत्नी-बेटा अलग रहते हैं

# 13वीं मंजिल से कूदा ज्योतिषी

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजियाबाद । गाजियाबाद में एक 42 साल के ज्योतिषाचार्य ने 13वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। पुलिस जब जांच करने फ्लैट के अंदर पहुंची, तो वहां उसकी 70 साल की मां की लाश पड़ी थी। लाश 2-3 दिन पुरानी बताई जा रही है। मां की लाश पर चोट के कोई निशान नहीं मिले। मामला कविनगर थाना क्षेत्र स्थित महागुणपुरम सोसाइटी का है। यहां राजवीर सिंह ग्राउंड फ्लोर के फ्लैट नंबर-028 में रहता था। वह ज्योतिषी था। काम ज्यादा नहीं चलने पर वह इन दिनों यूट्यूब पर कंटेंट पोस्ट करता था। बताया जा रहा है कि बेटा 3 दिन से घर में बंद था। उसकी पत्नी और 10 साल का बेटा अलग रहता है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने बताया कि राजवीर सिंह पहले 13वीं मंजिल पर गया। वहां से वह डक्ट एरिया से नीचे कूद गया। राजवीर बीच में लगे लोहे के शेड से टकराते हुए नीचे ग्राउंड फ्लोर पर गिरा। डक्ट एरिया से 10 मीटर दूर ही लिफ्ट है, जहां गार्ड बैठा था। गार्ड ने किसी चीज के गिरने की तेज आवाज सुनी। इस पर वह भागकर डक्ट एरिया के पास गया। वहां राजवीर खून से लथपथ पड़ा था। गार्ड ने शोर मचाया, तो सोसाइटी के लोग इकट्ठा हो गए। इसके बाद उन लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच शुरू की। पुलिस राजवीर के फ्लैट में जांच पड़ताल के लिए गई। फ्लैट से भीषण बदबू आ रही थी।









बताया जा रहा है कि राजवीर सिंह की शादी करीब 12 साल पहले हुई थी। वह कहीं जॉब नहीं करता था। उसकी पत्नी किरण क्रॉसिंग रिपब्लिक में रहती हैं और उनका एक 10 साल का बेटा भी है। आसपास के लोगों का कहना है कि राजवीर ही घर में आता-जाता दिखाई देता था। उसकी मां नहीं दिखाई देती थी। पुलिस मां की मौत के कारणों और राजवीर सिंह की आत्महत्या के पीछे की वजहों की जांच कर रही है। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया- आज दोपहर करीब 1:50 बजे डायल 112 से सूचना मिली कि महागुणपुरम में 13वीं मंजिल से एक व्यक्ति ने कूदकर जान देने की कोशिश की है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को मणिपाल हॉस्पिटल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**पुलिस ने अंदर जाकर देखा तो राजवीर की मां सतनाम कौर की लाश पड़ी थी। लाश 2 से 3 दिन पुरानी बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।**

## पृष्ठ 01 का शेष...

### ईरान के जारी हमलों ...

ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी ने ईरान के साथ जंग को ट्रम्प सरकार की 'सबसे बड़ी गलती' बताया है। उन्होंने कहा कि यह जंग वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचा रही है। अलबुसैदी ने यह भी कहा कि अमेरिका की विदेश नीति पटरी से उतरती दिख रही है और इस संघर्ष से किसी पक्ष को फायदा नहीं होगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि जल्द से जल्द इस जंग को खत्म कराने के लिए कदम उठाए जाएं।

केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों ने गुरुवार को जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें पश्चिम एशिया में तनाव के कारण तेल और गैस संकट पर मौजूदा हालात की जानकारी दी। विदेश मंत्रालय (MEA) में जॉइंट सेक्रेटरी (गल्फ) असीम महाजन ने कहा कि यह सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरे वैश्विक समुदाय के लिए परीक्षा की घड़ी है।

पेट्रोलियम मंत्रालय में जॉइंट सेक्रेटरी (मार्केटिंग एवं ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने बताया कि युद्ध के कारण LPG की स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है। हालांकि, देश में किसी भी LPG डिस्ट्रीब्यूटर के पास सिलेंडर की कमी नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, देश में ऑनलाइन बुकिंग बढ़कर 94% पहुंच गई है। करीब 83% रीफिल डिलीवरी 'डिलीवरी ऑथेंटिकेट' कोड के जरिए हो रही है। पैनिक बुकिंग में कमी आ रही है।

### पीएम मोदी ने कुवैत...

वहीं सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव सी. सेंथिल राजन ने LNG सेवाओं से जुड़े सोशल मीडिया फ्रॉड को लेकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा- LNG उपभोक्ता सोशल मीडिया पर फैल रहे फर्जी संदेशों से सावधान रहें। ऐसे संदेशों पर भरोसा न करें और जरूरत पड़ने पर पुलिस में शिकायत करें।

### राष्ट्रपति ने अयोध्या ...

सपा पर निशाना साधते हुए कहा- आस्था को पहले अंधविश्वास कहकर अपमानित किया जाता था। अपमानित करने वाले वही लोग हैं, जो यूपी और देश की सत्ता में रहते थे। राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम और मथुरा वृंदावन की बात करना उनके लिए अंधविश्वास का पर्याय था।

रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद राष्ट्रपति का यह दूसरा अयोध्या दौरा है। इससे पहले वह 1 मई, 2024 को अयोध्या आई थीं। राष्ट्रपति अयोध्या में करीब 5 घंटे रुकने के बाद दोपहर 3 बजे मथुरा के लिए रवाना हो गईं। जहां वह इस्कॉन और प्रेम मंदिर में दर्शन करेंगी। शुक्रवार यानी 20 मार्च को प्रेमानंद महाराज से मुलाकात करेंगी।

राम यंत्र को कांचीपुरम (तमिलनाडु) स्थित मठ में तैयार किया गया। इसके बाद इसे कांचीपुरम से तिरुपति (आंध्र प्रदेश) लाया गया। फिर रथयात्रा के जरिए 10 दिन पहले इसे अयोध्या पहुंचाया गया। राम यंत्र का वजन 150 किलो है। इस पर सोने की परत चढ़ाई गई है। अयोध्या के ज्योतिषाचार्य रघुनाथ दास शास्त्री ने बताया-राम यंत्र एक विशेष वैदिक ज्यामितीय संरचना है। इसमें भगवान श्रीराम और अन्य देवी-देवताओं की दिव्य ऊर्जा को मंत्रों और आकृतियों के माध्यम से स्थापित किया गया है। इसे अत्यंत शुभ और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है।

राष्ट्रपति ने कहा- अयोध्या में प्रभु श्रीराम ने जन्म लिया था। इस पवित्र भूमि पर कदम रखना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। भगवान राम ने अपनी जन्मभूमि को स्वर्ग से भी बढ़कर बताया था। अयोध्या नगरी सभी राम भक्तों के लिए भी सबसे अधिक प्रिय है।

उन्होंने कहा- लंका विजय के बाद भगवान राम का माता सीता और भाइयों के साथ अयोध्या लौटने का कलात्मक चित्रण संविधान के पृष्ठों पर देखने को मिलता है। मुझे इस चित्र को देखकर अत्यंत प्रसन्नता होती है।

### बंगाल में बीजेपी की ...

भाजपा ने एक दिन कांग्रेस छोड़कर पार्टी जॉइन करने वाले सांसद प्रद्युत बोरदोलोई को दिसपुर से उम्मीदवार बनाया गया है।

इधर, प्रद्युत बोरदोलोई के BJP में शामिल होने के बाद उनके बेटे प्रतीक बोरदोलोई ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया है। प्रतीक ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे पत्र में कहा कि अब उनका कांग्रेस उम्मीदवार बने रहना सही नहीं होगा।

भारत निर्वाचन आयोग आगामी विधानसभा चुनावों में बुजुर्गों, दिव्यांगजनों, सेवारत मतदाताओं और चुनाव ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं को पोस्टल बैलेट (डाक मतपत्र) से वोट देने की सुविधा देगा। ये सुविधा 85 साल से अधिक उम्र के वोटर्स और दिव्यांगजन (दिव्यांग) को मिलेगी। ऐसे वोटर्स फॉर्म 12 डी भरकर और चुनाव अधिसूचना के 5 दिनों के भीतर अपने मतदान अधिकारी के माध्यम से रिटर्निंग ऑफिसर को जमा करके इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। मतदान दल संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा तैयार की गई अनुसूची के अनुसार उनके घरों से वोट एकत्र करेंगे और इसे उम्मीदवारों के साथ भी साझा किया जाएगा।

असम में मार्घेरिटा विधानसभा सीट से कांग्रेस कैंडिडेट प्रतीक बोरदोलोई ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। यह फैसला उनके पिता प्रद्युत बोरदोलोई के कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल होने के बाद आया है।

### नासिक में रेप के ...

पुलिस को एक पेन ड्राइव मिली है, जिसमें 58 अलग-अलग महिलाओं से जुड़े आपत्तिजनक वीडियो होने की बात कही जा रही है। राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिए IPS अधिकारी तेजस्विनी सातपुते के नेतृत्व में एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) गठित की है। FIR दर्ज कराने वाली एक महिला का आरोप है ज्योतिषी ने नवंबर 2022 से दिसंबर 2025 के बीच कई बार यौन शोषण किया। पीड़िता का आरोप है कि पूजा-पाठ के बहाने ज्योतिषी उसे नासिक के कनाडा कॉर्नर इलाके स्थित अपने ऑफिस में बुलाता था।

### दिल्ली में भाजपा और ...

झड़प के बाद केजरीवाल ने कहा कि यह बहुत दुखद घटना है और वह पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदना जताने आए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि BJP को पीड़ितों की चिंता नहीं है और कोई पीड़ितों से सहानुभूति जताने आता है तो भाजपा वाले किसी को उनके रिश्तेदारों से मिलने भी नहीं दे रहे। केजरीवाल ने यह भी कहा कि अगर फायर ब्रिगेड समय पर पहुंच जाती, तो लोगों की जान बचाई जा सकती थी। साथ ही उन्होंने इस पूरे मामले की सही जांच की मांग की।

### भारद्वाज के वीडियो ...

वीडियो को लेकर दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद गाली-गलौज और धक्का-मुक्की में बदल गया, जिससे शोकसभा का माहौल प्रभावित हो गया।

### मलाशय में फंसी ...

इस स्थिति में व्यक्ति असामान्य यौन उत्तेजना के कारण जोखिम भरा व्यवहार कर सकता है। विशेषज्ञों ने कहा कि ऐसे मामलों में मरीज अक्सर शर्मिंदगी के कारण देर से इलाज कराते हैं, जिससे स्थिति गंभीर हो सकती है।

### एनआईए - एटीएस ...

गिरफ्तारी के दौरान उनके पास से माओवादी विचारधारा से संबंधित भारी मात्रा में साहित्य, पंपलेट, सीडी, कैसेट और मैगजीन बरामद हुई थीं।

जांच में सामने आया कि आरोपी उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में गुप्त बैठकें कर रहे थे। इन बैठकों के जरिए वे लोगों को संगठन से जोड़ने, आतंक फैलाने और भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश रच रहे थे। इसी आधार पर कानपुर नगर के थाना किदवई नगर में मुकदमा दर्ज किया गया, जिसकी आगे की विवेचना एटीएस द्वारा की गई।

# चेन्नई सुपर किंग्स के लिए बुरी खबर

## 31 साल का तेज गेंदबाज चोट के कारण पूरे सीजन से बाहर

तमसा संकेत, संवाददाता

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग का अभी आगाज भी नहीं हुआ है और इससे पहले ही चेन्नई सुपर किंग्स को तगड़ा झटका लग गया है। IPL 2026 से पहले चेन्नई के धाकड़ तेज गेंदबाज नाथन एलिस चोट के कारण पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। उनकी गैरमौजूदगी से बॉलिंग यूनिट में एक खालीपन आ गया है, खासकर अहम डेथ ओवर्स में, जहां उनसे एक अहम भूमिका निभाने की उम्मीद थी।

31 साल के इस ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज को हैमस्ट्रिंग में चोट लगी है और वे समय पर ठीक नहीं हो पाएंगे। CSK के CEO के.एस. विश्वनाथन ने यह जानकारी दी। CSK के CEO के.एस. विश्वनाथन ने स्पोर्ट्सस्टार से बातचीत में कहा

> काशी विश्वनाथन के इस बयान से साफ है कि नाथन एलिस आईपीएल 2026 सीजन का हिस्सा नहीं रहेंगे. उनकी जगह चेन्नई किसी अन्य तेज गेंदबाज को टीम में शामिल कर सकती है नाथन एलिस ने 2025 सीजन में चेन्नई के लिए एक मैच खेला था, जिसमें उन्होंने एक विकेट लिया.

कि यह हमारे लिए एक बड़ा झटका है। एलिस एक अहम गेंदबाज हैं, खासकर डेथ ओवर्स में। हम उनकी जगह किसी और खिलाड़ी की तलाश कर रहे हैं।

साल 2022 से चेन्नई की टीम डेथ-ओवर्स स्पेशलिस्ट के तौर पर मथीशा पथिराना पर निर्भर थी, लेकिन पिछले साल के निराशाजनक



प्रदर्शन के बाद उन्होंने इस श्रीलंकाई तेज गेंदबाज को रिलीज कर दिया। बता दें, नाथन को CSK ने IPL 2026 के ऑक्शन से पहले रिटने किया था, लेकिन इस सीजन वह टीम को अपनी सेवाएं नहीं दे पाएंगे। अब CSK मैनेजमेंट को जल्द से जल्द नाथन का रिप्लेसमेंट खोजना होगा।

इस बीच, विश्वनाथन ने यह भी कहा कि विदेशी खिलाड़ी अगले कुछ दिनों में कैंप में शामिल हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि हाल ही में पश्चिम एशिया में आए संकट का उनके विदेशी खिलाड़ियों की यात्रा योजनाओं पर कोई खास असर नहीं पड़ा है। नूर अहमद पहले ही पहुंच चुके हैं, जबकि जेमी ओवरटन के आज रात चेन्नई पहुंचने की उम्मीद है।

### नाथन एलिस को क्या हुआ ?

ऑस्ट्रेलिया के 31 वर्षीय तेज गेंदबाज नाथन एलिस इन दिनों हैमस्ट्रिंग इंजरी से जूझ रहे हैं. इसी कारण वह तय समय तक रिकवरी नहीं कर पाएंगे और उन्हें आईपीएल से बाहर होना पड़ सकता है. चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ काशी विश्वनाथन ने स्पोर्टस्टार से बातचीत में कहा,

यह हमारे लिए बहुत बड़ा झटका है. डेथ ओवर्स में एलिस एक अहम गेंदबाज हैं. हम उनके रिप्लेसमेंट पर विचार कर रहे हैं.

### छठे खिताब की तलाश में चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स ने अपना आखिरी खिताब साल 2023 में जीता था। पिछले 2 सीजन चेन्नई की टीम प्लेऑफ में भी नहीं पहुंच पाई थी। इस सीजन फैंस को टीम से काफी उम्मीदें हैं, लेकिन नाथन एलिस के बाहर होने से इन उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा है। अब देखना होगा कि टीम नाथन एलिस के रिप्लेसमेंट के तौर पर किस गेंदबाज को अपनी टीम में शामिल करती है।

**चेन्नई सुपर किंग्स का स्क्वाड:** ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, संजू सैमसन, आयुष म्हात्रे, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, कार्तिक शर्मा, सरफराज खान, उर्विल पटेल, अंशुल कंबोज, जेमी ओवर्टन, रामकृष्ण घोष, प्रशांत वीर, मैथ्यू शॉर्ट, अमन खान, जैक फॉल्क्स, खलील अहमद, नूर अहमद, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, श्रेयस गोपाल, गुरजपनीत सिंह, अकील हुसैन, मैट हेनरी, राहुल चाहर।

# दिल्ली कैपिटल्स ने चला बड़ा दांव

## सपोर्ट स्टाफ में इस पूर्व खिलाड़ी को जोड़ा

तमसा संकेत, संवाददाता

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन का आगाज होने से पहले सभी 10 टीमें अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगी हुई हैं। आईपीएल 2026 सीजन का पहला मुकाबला 28 मार्च को खेला जाएगा, जिसमें उससे पहले दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने एक बड़ा ऐलान किया है। दिल्ली कैपिटल्स पिछले आईपीएल सीजन में प्लेऑफ में जगह बनाने से काफी करीब से चूक गई थी, जिसमें वह लीग स्टेज के मुकाबले खत्म होने के बाद पांचवें नंबर पर रही थी। अब दिल्ली कैपिटल्स ने आगामी सीजन से पहले अपनी कमियों को दूर करने का प्रयास किया है, जिसमें उन्होंने नए फील्डिंग कोच की नियुक्त की है जो आयरलैंड की तरफ से इंटरनेशनल क्रिकेट में खेल चुके हैं। दिल्ली



कैपिटल्स ने आयरलैंड टीम के पूर्व खिलाड़ी जॉन मून को आईपीएल 2026 सीजन के लिए अपना नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया है, जिसमें वह जल्द ही टीम के साथ जुड़ जाएंगे। दिल्ली कैपिटल्स के लिए इस सीजन हेड कोच की जिम्मेदारी हेमंग बदानी संभाल रहे हैं तो वहीं गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी मुनाफ पटेल के कंधों पर है। इसके अलावा इंग्लैंड के दिग्गज पूर्व खिलाड़ी इयान बेल को सहायक कोच की जिम्मेदारी मिली है जबकि वेणुगोपाल राव टीम डायरेक्टर का पद संभाल रहे हैं।

# भारतीय स्पिनर ने खोला बड़ा राज

तमसा संकेत, संवाददाता

नई दिल्ली। IPL 2026 से ठीक पहले भारतीय स्पिनर युजवेंद्र चहल ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर ऐसा खुलासा किया है, जिसने फैंस को चौंका दिया है। बेहतर फिटनेस, आत्मविश्वास और प्रदर्शन के इरादे से चहल ने पिछले 6 महीनों से शराब से दूरी बना ली है। युजवेंद्र चहल ने एबी डिविलियर्स के साथ बातचीत में यह खुलासा किया। चहल IPL 2026 में पंजाब किंग्स की ओर से जलवा बिखेरते नजर आएंगे।

IPL 2025 में पंजाब के लिए उनका प्रदर्शन ठीक-ठाक रहा था, लेकिन अब वह टीम को खिताब जिताने के मिशन के साथ मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं। चहल ने IPL 2025 में 14 मैचों में 16 विकेट लिए थे और टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, खिताबी मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स



> बेहतर फिटनेस, आत्म विश्वास और प्रदर्शन के इरादे से चहल ने पिछले 6 महीनों से शराब से दूरी बना ली है

बैंगलोर के हाथों हार का सामना करना पड़ा। अब चहल का लक्ष्य इस बार ट्रॉफी का सूखा खत्म करना है।

चहल ने अपने फैसले पर खुलकर बात करते हुए कहा कि उन्होंने शराब पीना बंद कर दिया है और इसे 6 महीने से ज्यादा हो गए हैं। अब वह 35 साल के हैं, इसलिए ज्यादा एक्टिव रहना चाहता हूं और अपनी टीम के लिए 150% देना चाहते हैं।

### दिग्गज क्रिकेटरों ने गुड़ी पड़वा, उगादी की दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल जगत के दिग्गजों ने गुरुवार को गुड़ी पड़वा और हिंदू नववर्ष के अवसर पर प्रशंसकों को बधाई दी। क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर ने परिवार के साथ गुड़ी पड़वा मनाते एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उनकी पत्नी और मां नजर आ रही हैं। सचिन तेंदुलकर के अलावा भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव, अनिल कुंबले और जयशाह ने भी गुड़ी पड़वा और चैत्र नवरात्रि के मौके पर सुख, समृद्धि और नई शुरुआत की कामना की है।

सचिन तेंदुलकर ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह अपनी मां से आशीर्वाद लेते नजर आए। इस दौरान उनकी पत्नी अंजलि तेंदुलकर भी मौजूद रहीं। उन्होंने मराठी में लिखा, "तुम्हाला व कुटूंबियांना, गुडीपाडवा व मराठी नववर्षाच्या, हार्दिक शुभेच्छा (आपको और आपके परिवार को गुड़ी पड़वा और मराठी नए साल की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। यह नया साल खुशी, आनंद और समृद्धि लेकर आए, यही मेरी हार्दिक प्रार्थना है।")

# DC के फील्डिंग कोच बने

## तीन वनडे वर्ल्ड कप खेल चुके ■ दिल्ली को पहले खिताब का इंतजार

> IPL टीम दिल्ली कैपिटल्स ने आयरलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जॉन मूनी को टीम का नया फील्डिंग कोच बनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मूनी जल्द ही भारत आकर टीम के साथ जुड़ेंगे और आगामी सीजन की तैयारियों में हिस्सा लेंगे। मूनी ने एंटोन रूक्स और ज्ञानेश्वर राव की जगह ली है।

तमसा संकेत, संवाददाता

नई दिल्ली। आयरलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जॉन मूनी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले दिल्ली कैपिटल्स का क्षेत्ररक्षक कोच नियुक्त किया गया है। मूनी ने एंटोन रॉक्स और ज्ञानेश्वर राव की जगह ली है, जिन्होंने पिछले सत्र में यह भूमिका निभाई थी। 44 वर्षीय मूनी पहले वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के साथ काम कर चुके हैं, हाल ही में उन्होंने एशिया कप के दौरान अफगानिस्तान टीम के साथ काम किया था। वह मुख्य कोच हेमांग बदानी के अगुवाई वाले कोचिंग स्टाफ में शामिल हुए हैं, जिसमें मुनाफ पटेल गेंदबाजी कोच, इयान बेल सहायक कोच और वेणुगोपाल राव डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट हैं। मूनी ने आयरलैंड के लिए 64 वनडे और 27 टी-20 मैच खेले हैं। उन्हें 2011 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ मिली ऐतिहासिक जीत में विजयी रन बनाने के लिए आज भी याद किया जाता है। दिल्ली कैपिटल्स पिछले सीजन में पांचवें स्थान पर रही थी और अब तक कोई भी आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई है। आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च को हो रही है और गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद की मेजबानी करेगा।

पिछले साल दिल्ली कैपिटल्स में मेंटोर (मार्गदर्शक) की भूमिका निभाने वाले इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने पिछले सप्ताह कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के आने वाले सत्र में यह भूमिका नहीं निभा पाएंगे। पीटरसन ने 'एक्स' कहा, "मैं इस आईपीएल सत्र में दिल्ली कैपिटल्स का मेंटोर नहीं बन सकता। मैं इस काम के लिए जरूरी समय नहीं दे सकता। इस सत्र के लिए सभी खिलाड़ियों को मेरी शुभकामनाएं। "

### वेस्टइंडीज-अफगानिस्तान के साथ काम कर चुके

44 साल के मूनी वनडे और टी-20 फॉर्मेट में आयरलैंड के लिए 90 से ज्यादा मैच खेले। उन्होंने अपना आखिरी मुकाबला साल 2015 में खेला था। वहीं, इसके बाद साल 2018 से लेकर 2019 तक अफगानिस्तान टीम के लिए फील्डिंग कोच की जिम्मेदारी निभाई, इसके बाद साल 2019 में मूनी ने कुछ समय के लिए वेस्टइंडीज टीम के लिए भी काम किया था। IPL में पहली बार मूनी को किसी टीम के साथ काम करने का मौका मिल रहा है।




## मनोरंजन

# 'धुरंधर 2' की अल्लू अर्जुन ने की तारीफ

## बोले- फिल्म हर भारतीय को गर्व महसूस कराएगी

तमसा संकेत, संवाददाता

**नई दिल्ली।** साउथ एक्टर अल्लू अर्जुन ने फिल्म धुरंधर 2 देखने के बाद इसकी तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह हर भारतीय को गर्व महसूस कराएगी। उन्होंने रणवीर सिंह और आर माधवन समेत फिल्म की पूरी स्टार कास्ट की परफॉर्मेंस की भी सराहना की।

बुधवार को अल्लू अर्जुन ने ट्वीट करते हुए फिल्म को लेकर लिखा, 'अभी-अभी धुरंधर 2 देखी-देशभक्ति के साथ जबरदस्त स्वैग है। यह एक ऐसी फिल्म है जो हर देशभक्त को गर्व महसूस कराएगी। कई ऐसे पल हैं, जहां आप तालियां बजाने से खुद को रोक नहीं पाएंगे। पूरी तरह धमाका!

> रणवीर सिंह-आर माधवन की परफॉर्मेंस को सराहा

पूरी टीम को बधाई।'

उन्होंने आगे लिखा, 'आर माधवन और सभी कलाकारों का शानदार प्रदर्शन है। टेक्निकल लेवल पर भी फिल्म कमाल की है। मुझे गर्व है कि हमारे देश में मेरे भाई रणवीर सिंह जैसे बेहतरीन और बहुमुखी अभिनेता हैं। रणवीर सिंह फायर हैं। आदित्य धर ने कमाल कर दिया, वे पूरी तरह छा गए। हमारे देश में उनके जैसे शानदार फिल्ममेकर्स होना गर्व की बात है। एक भारतीय कहानी इंटर-नेशनल स्वैग के साथ! जय हिंद।'

# रणवीर सिंह ने जीता सबका दिल

## धुरंधर-2: रणवीर की फिर दमदार परफॉर्मेंस ■ नोटबंदी और राजनीतिक कड़ियों से जुड़ी कहानी

तमसा संकेत, संवाददाता

**नई दिल्ली।** दर्शकों का लंबा इंतजार आखिरकार खत्म हो चुका है। रणवीर सिंह की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' (Dhurandhar: The Revenge) अब सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। पहले पार्ट के मुकाबले आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस फिल्म का सेकंड पार्ट दर्शकों को खूब भा रहा है।

पेड प्रीव्यू से लेकर 'धुरंधर 2' का फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने वाले दर्शकों ने अभिनेता रणवीर सिंह की परफॉर्मेंस देखने के बाद सोशल मीडिया पर उन्हें फिल्म जगत का सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड दिलाने की अपील तक कर डाली है।



धुरंधर 2 एक बड़ी और महत्वाकांक्षी फिल्म है, जो एक्शन, पॉलिटिक्स और रियल इवेंट्स को जोड़कर अलग तरह का सिनेमाई अनुभव देने की कोशिश करती है। हालांकि इसकी लंबाई, ढीली पटकथा और कुछ अधूरे किरदार इसे पहले पार्ट जितना दमदार नहीं बनने देते। वहीं, फिल्म के दूसरे पार्ट में अक्षय खन्ना की कमी भी खली है।

फिर भी, रणवीर सिंह की शानदार परफॉर्मेंस, मजबूत सेकंड हाफ और असरदार क्लाइमैक्स इसे एक अच्छा थिएटर एक्सपीरियंस बनाते हैं। अगर आपने पहला पार्ट पसंद किया था, तो यह फिल्म जरूर देखें, बस उम्मीदें थोड़ी बैलेंस रखकर।

### दर्शकों ने रणवीर को बताया इस पीढ़ी का सबसे बेहतरीन एक्टर

'धुरंधर 2' की कहानी तो दर्शकों के दिलों को छू ही रही है, लेकिन रणवीर सिंह की परफॉर्मेंस ने तो कमाल ही कर दिया है। सोशल मीडिया पर लोगों के रिएक्शंस कुछ इस तरह हैं:

एक यूजर ने लिखा, "रणवीर सिंह इस दौर के सबसे बेहतरीन एक्टर हैं और यह डिबेट यहीं खत्म होती है।"

### क्या रणवीर सिंह को 'धुरंधर 2' के लिए मिलना चाहिए ऑस्कर?

आदित्य धर की इस स्पाई-थ्रिलर मूवी में रणवीर सिंह ने 'हमजा अली मजारी' और 'जसकीरत सिंह रंगी' का दमदार किरदार अदा किया है। अपने एक्सप्रेशंस से लेकर डायलॉग डिलीवरी और बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन पर उन्होंने जिस तरह से मेहनत की है, वह काबिले तारीफ है। फैंस का तो यहां तक मानना है कि रणवीर सिंह इस फिल्म के लिए ऑस्कर (Oscar) डिजर्व करते हैं।





# नोरा-संजय पर महिला आयोग का एक्शन

## कहा- दोनों 24 मार्च तक पेश हों, नहीं तो कानून कार्रवाई हो सकती है

तमसा संकेत, संवाददाता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) ने विवादित गाने ऱसरके चुनर तेरी सरकेऱ को लेकर एक्ट्रेस नोरा फतेही और एक्टर संजय दत्त को नोटिस भेजा है। साथ ही गाने के गीतकार रकीब आलम, वेंकट के. नारायण (प्रोड्यूसर, KVN ग्रुप) और किरण कुमार (डायरेक्टर) समेत अन्य संबंधित लोगों को भी नोटिस जारी किया गया है।

सभी को 24 मार्च को आयोग के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। NCW ने चेतावनी दी है कि तय तारीख पर उपस्थित न होने पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। NCW ने इस गाने के कथित अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट को लेकर खुद संज्ञान लिया है। आयोग के मुताबिक, गाने के बोल पहली नजर में आपत्तिजनक और यौन संकेतों वाले लगते हैं, जो कानून का उल्लंघन कर सकते हैं।


NCW
@NCWIndia

The National Commission for Women, in exercise of its powers under the NCW Act, 1990, has taken suo motu cognizance of media reports alleging obscenity and vulgarity in the song "Sarke Chunar Teri Sarke."

Observing that the content prima facie appears to be sexually suggestive, objectionable, and violative of provisions under the Bharatiya Nyaya Sanhita, IT Act, and POCSO Act, the Commission has taken serious note of the matter.

Summons have been issued to Actress Nora Fatehi, Raqueeb Alam, Actor Sanjay Dutt, Venkat K. Narayana (Producer, KVN Group), and Kiran Kumar (Director) directing them to appear before the Commission.

They have been asked to appear on 24.03.2026 at 12:30 PM along with relevant documents.

Failure to appear may invite appropriate action as per law.

वहीं, गाने को लेकर मंगलवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने शिकायत मिलने पर सेंसर बोर्ड, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और गूगल इंडिया को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। बता दें कि गाने को मंगलवार को यूट्यूब और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है।

### संसद में भी उठा गाने का मुद्दा

संसद में भी समाजवादी पार्टी के सांसद आनंद भदौरिया ने बुधवार को गाने के अश्लील लिरिक्स का मुद्दा उठाया था। इस पर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था, 'अध्यक्ष जी, जिस गाने के बारे में सांसद जी ने कहा है, उस गाने पर पहले ही बैन लग चुका है। मैं साफ तौर पर आपके माध्यम से पूरे सदन को कहना चाहूंगा कि हमें फ्रीडम ऑफ स्पीच पर भारत के संविधान निर्माताओं ने जो रीजनेबल रिस्ट्रिक्शन लगाए हैं, उसी के हिसाब से चलना चाहिए।'

आगे उन्होंने कहा था, 'आने वाले समय में डिजिटल के माध्यम से जिस तरह से तेजी से चीजें फैलती हैं, उसमें हमें समाज के प्रोटेक्शन खासकर बच्चों के प्रोटेक्शन, महिलाओं के प्रोटेक्शन और पिछड़े वर्ग के प्रोटेक्शन के लिए जो भी कड़े एक्शन लेने पड़ें, वो लेने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।'

वहीं, गाने को लेकर विवादों में आईं नोरा फतेही ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि उन्हें कन्नड़ में गलत ट्रांसलेशन बताकर पूरा गाना शूट करवाया गया और फिर बिना उनकी अनुमति गाने को हिंदी में बना दिया गया।



# जंग ट्रम्प की सबसे बड़ी गलती : ओमान

## ईरान के तेल से बैन हटा सकता है अमेरिका ■ अमेरिका की फॉरेन पॉलिसी पटरी से उतरी

**इंपैक्ट**

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान। जंग के बीच अमेरिका ईरान के तेल पर लगे बैन में ढील दे सकता है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने फॉक्स न्यूज से कहा कि ट्रम्प सरकार ईरान से जो तेल पहले से बाहर जा रहा है, उस पर लगी पाबंदियां कुछ समय के लिए हटा सकती है।

ईरान पर भले ही अमेरिकी पाबंदियां लगी हों, लेकिन फिर भी ईरान कुछ देशों को चोरी-छिपे या खास तरीकों से तेल बेच रहा है। अब अमेरिका यह सोच रहा है कि जो तेल वैसे भी बाजार में आ रहा है, उस पर लगी पाबंदियों को कुछ समय के लिए ढीला कर दिया जाए, ताकि सप्लाई खुलकर बढ़ सके और कीमतें कम हो सकें।



### ईरान के तेल पर बैन हटा सकता है अमेरिका

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि ट्रम्प सरकार पहले से भेजे जा रहे ईरानी तेल पर लगे प्रतिबंधों को अस्थायी तौर पर हटा सकता है। उनका मकसद युद्ध के बीच बढ़ती तेल कीमतों को काबू में रखना है।

उन्होंने फॉक्स बिजनेस से बातचीत में कहा, "असल में हम अगले 10 से 14 दिनों तक कीमतें नीचे रखने के लिए ईरानी तेल का इस्तेमाल खुद ईरान के खिलाफ करेंगे, जबकि हमारा अभियान जारी रहेगा।"

### अमेरिकी रक्षा मंत्री बोले- बाइडेन की वजह से हथियार भंडार कमजोर

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन पर आरोप लगाया कि उन्होंने 2022 में रूस के यूक्रेन पर बड़े हमले के बाद यूक्रेन को हथियार और सैन्य उपकरण देकर अमेरिका के हथियार भंडार को कमजोर कर दिया। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक बाइडेन प्रशासन ने ज्यादातर यूक्रेन को जमीन से इस्तेमाल होने वाले हथियार और सैन्य वाहन दिए थे। उन्होंने टॉमहॉक मिसाइल जैसे महंगे और उन्नत हथियार बड़े पैमाने पर नहीं दिए, जबकि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ कार्रवाई में ऐसे हथियारों का ज्यादा इस्तेमाल किया है।

### अमेरिकी रक्षा मंत्री ने युद्ध के मीडिया कवरेज की निंदा की

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने मिडिल ईस्ट युद्ध की मीडिया कवरेज की निंदा की है। उन्होंने कहा कि 'बेईमान और ट्रम्प विरोधी मीडिया' हमारी कामयाबी को कम करके दिखा रही है।

उन्होंने कहा कि मीडिया ने लंबे समय तक चलने वाले युद्ध के खतरे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया है, जबकि हकीकत इससे अलग है।

हेगसेथ के मुताबिक,



अमेरिका इस युद्ध में 'अपनी शर्तों पर निर्णायक बढ़त' बना रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका का टारगेट ईरान की मिसाइल क्षमता और डिफेंस इंडस्ट्री को कमजोर करना और उसे परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना है।

इसी बीच ओमान ने इस जंग को लेकर अमेरिका पर तीखा हमला बोला है। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी ने ईरान के साथ जंग को ट्रम्प सरकार की 'सबसे बड़ी गलती' बताया है। उन्होंने कहा कि यह जंग वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचा रही है।

अलबुसैदी ने यह भी कहा कि अमेरिका की विदेश नीति पटरी से उतरती दिख रही है और इस संघर्ष से किसी पक्ष को फायदा नहीं होगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि जल्द से जल्द इस जंग को खत्म कराने के लिए कदम उठाए जाएं।

# पाक मिसाइलों से अमेरिका को खतरा: तुलसी गबार्ड

तमसा संकेत, एजेंसी

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका की खुफिया एजेंसी की प्रमुख तुलसी गबार्ड ने कहा है कि पाकिस्तान ऐसी लंबी दूरी की मिसाइलें बना रहा है जो भविष्य में अमेरिका तक हमला कर सकती हैं।

उन्होंने वॉशिंगटन DC में एक मीटिंग के दौरान बताया कि आने वाले समय में दुनिया में खतरनाक मिसाइलों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ सकती है। इंटेलिजेंस कम्यूनिटी (IC) का आंकलन है कि अभी करीब 3,000 मिसाइलें ऐसी हैं जो अमेरिका तक हमला कर सकती हैं, लेकिन 2035 तक ये बढ़कर 16,000 से ज्यादा हो सकती हैं।

गबार्ड के मुताबिक, रूस, चीन, नॉर्थ कोरिया, ईरान और पाकिस्तान जैसे देश नई-नई मिसाइल तकनीक और हथियार बना रहे हैं।

उन्होंने ये भी कहा कि पाकिस्तान ऐसी इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM) बना सकता है,



**■ 10 साल बाद 16000 मिसाइलें अमेरिका तक हमला कर सकेंगी**

जो बहुत दूर तक मार कर सकती है। वहीं ईरान भी 2035 से पहले ऐसी मिसाइल बना सकता है।

गबार्ड ने चीन और रूस को सबसे बड़ा और लगातार खतरा बताया। उनके मुताबिक, ये देश ऐसी उन्नत तकनीक विकसित कर रहे हैं जो अमेरिकी मिसाइल डिफेंस सिस्टम को भेद सकती हैं।

उन्होंने उत्तर कोरिया के साइबर खतरे का भी जिक्र किया और कहा कि 2025 में उसने क्रिप्टोकरेंसी चोरी के जरिए करीब 2 बिलियन डॉलर जुटाए, जिससे उसके हथियार कार्यक्रम को फंड मिला।

**फास्ट न्यूज**

### पूर्व नेशनल काउंटर टेररिज्म चीफ जो केंट पर खुफिया जानकारी लीक करने का आरोप

वाशिंगटन। अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) 'नेशनल काउंटर टेररिज्म सेंटर' के पूर्व प्रमुख जो केंट के खिलाफ गोपनीय खुफिया जानकारी लीक करने के आरोपों की जांच कर रही है। रिपोर्टों के अनुसार, यह जांच उनके इस सप्ताह दिए गए इस्तीफे से पहले ही शुरू हो गई थी। सीबीएस न्यूज के सूत्रों के मुताबिक, एफबीआई का 'क्रिमिनल डिवीजन' इस मामले को देख रहा है। हालांकि, अभी तक लीक हुई जानकारी की प्रकृति के बारे में सार्वजनिक रूप से कोई विवरण साझा नहीं किया गया है।

### ईरान ने कतर, कुवैत, यूएई से अपने नुकसान के लिये की मुआवजे की मांग

नयी दिल्ली/न्यूयॉर्क। ईरान ने गुरुवार को कतर, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर अमेरिकी और इजरायली हमले के लिए अपनी धरती को उपलब्ध कराने हेतु तीखा हमला बोला है और सभी प्रकार के नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत और स्थायी प्रतिनिधि आमिर सईद इरावानी ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को लिखे एक पत्र में कहा कि 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ हमले की शुरुआत के बाद से, कतर और कुछ अन्य पड़ोसी देशों के क्षेत्र का उपयोग ईरान के खिलाफ हमले करने के लिए किया गया है।

### ईरान के गैस बुनियादी ढांचे पर अब और हमले नहीं करेगा इजरायल: ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि इजरायल अब ईरान के महत्वपूर्ण गैस बुनियादी ढांचे पर और हमले नहीं करेगा। युद्ध के तेजी से बढ़ते 'ऊर्जा मोर्चे' को नियंत्रित करने के प्रयास में ट्रंप का यह बयान अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह घोषणा ईरान के 'साउथ पार्स' गैस क्षेत्र पर इजरायली हमले के बाद आई है, जो दुनिया के सबसे बड़े गैस क्षेत्रों में से एक और ईरान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है हाल ही में इजरायल ने पहली बार ईरान के गैस ढांचे को सीधे निशाना बनाया, जिसे अमेरिकी और इजरायली अधिकारियों ने वाशिंगटन के साथ समन्वित ऑपरेशन बताया।

# जंग को महंगा बनाकर दुश्मन को झुकाने की कोशिश में जुटा

## कमजोर हो चुका ईरान युद्ध लंबा क्यों खींच रहा ■ सरेंडर से इनकार

तमसा संकेत, एजेंसी

तेहरान/तेल अवीव/वॉशिंगटन डीसी। ईरान इस समय अब तक के सबसे बड़े खतरे का सामना कर रहा है। इसके बावजूद वह अमेरिका और इजराइल के साथ चल रहे संघर्ष को लंबा खींचने में लगा हुआ है। पिछले कुछ हफ्तों में ईरान को भारी नुकसान हुआ है। उसके कई बड़े नेता और सैन्य कमांड ढांचे के अहम लोग मारे गए हैं। इससे उसकी नेतृत्व व्यवस्था को गंभीर झटका लगा है।

ईरान के अंदर भी हालात अच्छे नहीं हैं। लोगों को जरूरी सामान की कमी, बुनियादी ढांचे के नुकसान और सख्त सुरक्षा माहौल झेलना पड़ रहा है। इसके बावजूद ईरान की



बची हुई लीडरशिप लगातार आक्रामक बयान दे रही है।

वे यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि ईरान लंबे समय तक संघर्ष झेल सकता है। उन्हें और नेताओं के मारे जाने की परवाह नहीं है और वे इस युद्ध को लंबा खींचने के लिए तैयार हैं, चाहे इसका असर पूरे क्षेत्र और दुनिया पर क्यों न पड़े।

एक्सपर्ट्स का कहना है कि ईरान का मकसद इस युद्ध में जीत हासिल करना नहीं है। उसका असली मकसद है अपने अस्तित्व को बचाना, दुश्मनों को डराना और ऐसी स्थिति बनाना जिसमें वह युद्ध के बाद की शर्तें तय कर सके।

### जंग खत्म करने के लिए हर्जाना चाहता है ईरान

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान से सरेंडर करने को कहा है, लेकिन ईरान खुद को मजबूत स्थिति में दिखा रहा है। वह कह रहा है कि वह इस संघर्ष में टिके रहने में सफल रहा है और अब शांति के लिए अपनी शर्तें रख रहा है।

ईरान चाहता है कि युद्ध खत्म होने के बाद क्षेत्र में नई व्यवस्था बनाई जाए। वह युद्ध के नुकसान की भरपाई (मुआवजा) भी मांग रहा है और खाड़ी देशों और अमेरिका के बीच लंबे समय से चले आ रहे रिश्तों में बदलाव चाहता है।

# अमेरिकी विदेश-रक्षा मंत्री के घर के ऊपर संदिग्ध ड्रोन दिखे

## सिक्योरिटी को लेकर इमरजेंसी मीटिंग बुलाई गई

**अलर्ट**

तमसा संकेत, एजेंसी

**वॉशिंगटन डीसी।** वॉशिंगटन में अमेरिकी सेना के एक अहम बेस के ऊपर संदिग्ध ड्रोन देखे गए हैं। वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ सैन्य बेस फोर्ट लेसली मैकनेयर के अंदर रह रहे हैं।

इस मामले की जानकारी रखने वाले तीन लोगों ने बताया कि इन ड्रोन की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और यह भी साफ नहीं है कि वे कहां से आए थे।

एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमलों के कारण सुरक्षा



अलर्ट पहले से बढ़ा हुआ है। इसी वजह से सेना संभावित खतरों पर कड़ी नजर रख रही है। पिछले 10 दिनों में एक रात के दौरान फोर्ट लेसली मैकनेयर के ऊपर कई ड्रोन देखे गए, जिसके बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई और व्हाइट हाउस में इस मुद्दे पर इमरजेंसी बैठक भी हुई।

इसी बीच अमेरिका ने दुनियाभर में अपने दूतावासों के लिए सुरक्षा चेतावनी जारी की है और देश के

**■ दोनों लीडर्स को शिफ्ट करने पर विचार**

अंदर कई सैन्य ठिकानों पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। न्यू जर्सी के जॉइंट बेस मैकग्वायर-डिक्स-लेकहर्स्ट और फ्लोरिडा के मैकडिल एयर फोर्स बेस पर सुरक्षा स्तर बढ़ाकर 'चार्ली' कर दिया गया है।

इसका मतलब होता है कि किसी हमले या खतरे की आशंका है। इससे ऊपर केवल 'डेल्टा' स्तर होता है, जो तब लागू होता है जब हमला हो चुका हो या होने वाला हो।

फोर्ट मैकनेयर के ऊपर ड्रोन दिखने के बाद अधिकारियों ने यह भी विचार किया कि क्या रुबियो और हेगसेथ को किसी दूसरी जगह शिफ्ट किया जाए। हालांकि, अभी तक उन्हें वहां से नहीं हटाया गया है।

# चांदी ₹20 हजार गिरकर ₹2.30 लाख पर आई

## सोने की कीमत ₹8 हजार घटकर ₹1.48 लाख हुई

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली/लखनऊ। 19 मार्च को सोने और चांदी की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई, जिससे सर्राफा बाजार में हलचल बढ़ गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत 20 हजार रुपए घटकर 2.30 लाख रुपए पर पहुंच गई, जबकि 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 8 हजार रुपए की गिरावट के साथ 1.48 लाख रुपए पर आ गया।

बाजार विश्लेषकों के मुताबिक, पिछले पांच कारोबारी दिनों में अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के चलते निवेशकों ने मुनाफावसूली शुरू की, जिसका सीधा असर कीमती धातुओं की कीमतों पर पड़ा। इस अवधि में सोना करीब 13 हजार रुपए और चांदी लगभग 38 हजार रुपए तक सस्ती हो चुकी है।

अगर पिछले कुछ महीनों के रुझान पर नजर डालें, तो 31 दिसंबर 2025 को सोने की कीमत 1.33 लाख रुपए थी, जो महज एक महीने के भीतर 29 जनवरी 2026 को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के अपने ऑल टाइम हाई स्तर पर पहुंच गई थी। हालांकि, इसके बाद बाजार में आई गिरावट के कारण अब सोना अपने उच्चतम स्तर से करीब 28 हजार रुपए नीचे आ चुका है।

वहीं चांदी में उतार-चढ़ाव और भी ज्यादा देखने को मिला है। 31 दिसंबर 2025 को चांदी 2.30 लाख रुपए प्रति किलो थी, जो 29 जनवरी 2026 को बढ़कर 3.86 लाख रुपए तक पहुंच गई। इसके बाद आई तेज गिरावट के चलते अब चांदी फिर से 2.30 लाख रुपए पर आ गई है। इस तरह महज 49 दिनों में चांदी की कीमत में लगभग 1.56 लाख रुपए की भारी कमी दर्ज की गई है।

# जंग के चलते क्रूड दोगुना, 146 डॉलर पहुंचा

## पेट्रोल-डीजल महंगा हो सकता है ■ हमले से कतर का प्लांट बंद, यूरोप में गैस की कीमत 30% बढ़ी

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। ईरान की ओर से खाड़ी देशों के एनर्जी ठिकानों पर नए हमलों के बाद आज 19 मार्च को ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल और नेचुरल गैस की कीमतों में 30% तक की तेजी है। जंग शुरू होने के बाद से भारत में क्रूड की कीमतें लगभग दोगुनी होकर 146 डॉलर पर पहुंच गई है। इसके बढ़ने से भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम 10-15 रुपए बढ़ सकते हैं।

भारत इराक, सऊदी अरब, रूस, UAE से तेल खरीदता हैं। इन सभी अलग-अलग तरह के तेलों की कीमतों का जो औसत निकाला जाता है, उसे ही 'इंडियन बास्केट' कहते हैं। ईरान के कतर पर किए गए इस हमले का सबसे ज्यादा असर यूरोप में गैस के दामों पर पड़ा है। यहां मुख्य गैस कॉन्ट्रैक्ट डच TTF बेंचमार्क एक समय करीब 30% तक उछलकर 70 यूरो पर पहुंच गया था। हालांकि अभी यह 16% की तेजी के साथ 63 यूरो के करीब ट्रेड कर रहा है।



सोर्स : oilprice.com

| कच्चा तेल | 27 फरवरी | 19 मार्च | चेंज |
|---|---|---|---|
| इंडियन बास्केट | 71 | 146 | 106% |
| ओपेक बास्केट | 70 | 135 | 93% |
| ब्रेंट क्रूड | 73 | 113 | 55% |
| WTI क्रूड | 67 | 97 | 45% |

■ आंकड़े डॉलर प्रति बैरल में नोट : इंडियन बास्केट के दाम 18 मार्च के हैं।

### भारत पर होने वाले असर को 2 पॉइंट में समझें...

भारत अपनी जरूरत का 85% कच्चा तेल और 50% से ज्यादा गैस आयात करता है, इसलिए वहां की हर हलचल हमारी जेब और इकोनॉमी पर असर डालती है।

**1 पेट्रोल-डीजल और LPG के दाम बढ़ सकते हैं**

इंडियन बास्केट के साथ इंटरनेशनल बेचमार्क ब्रेंट क्रूड भी जंग के बाद 73 डॉलर से बढ़कर 114 डॉलर प्रति बैरल पहुंच है। अगर कच्चा तेल इसी स्तर पर बना रहा, तो सरकारी तेल कंपनियों के लिए मौजूदा कीमतों पर पेट्रोल-डीजल और गैस बेचना मुश्किल होगा। ऐसे में आने वाले दिनों में गैस और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 10 से 15 रुपए तक की बढ़ोतरी की आशंका है।

सरकारी तेल कंपनियों ने फिलहाल अपने मार्जिन को कम करके या घाटा सहकर कीमतों को कंट्रोल में रखा है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने संसद में साफ किया है कि भारत की एनर्जी सिक्योरिटी पूरी तरह सुरक्षित है। हालांकि इसके बावजूद अगर अगले 1-2 हफ्ते तक क्रूड इसी स्तर पर बना रहता है, तो सरकार के पास दाम बढ़ाने के अलावा कोई चारा नहीं बचेगा।

**2 खाने-पीने की चीजें भी महंगी हो सकती है**

कच्चा तेल से सिर्फ पेट्रोल-डीजल नहीं बनता बल्कि पेंट, प्लास्टिक, फर्टिलाइजर और दवाइयों के कच्चे माल में भी इस्तेमाल होता है। डीजल महंगा होने से माल ढुलाई महंगी होगी, जिससे फल, सब्जी और अनाज के दाम बढ़ेंगे। कुल मिलाकर आम आदमी का बजट बिगड़ जाएगा।

**गिरावट : सेंसेक्स 2497 अंक गिरकर 74,207 पर आया ■ निफ्टी 776 अंक टूटा**

# शेयर बाजार में 22 महीने की सबसे बड़ी गिरावट

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। शेयर बाजार में आज यानी 19 मार्च को 22 महीने की सबसे बड़ी गिरावट रही। सेंसेक्स 2497 अंक (3.26%) गिरकर 74,207 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 776 अंक (3.26%) की गिरावट रही, यह 23,002 पर आ गया है। बैंकिंग-ऑटो शेयर्स में आज सबसे ज्यादा बिकवाली रही। इससे पहले 4 जून 2024 को सेंसेक्स 5.74% गिरा था।

जियोपॉलिटिकल तनाव और जंग जैसी स्थिति में महंगाई बढ़ने का खतरा रहता है। इससे कंपनियों का मुनाफा कम हो सकता है। ऐसे में निवेशक उनके शेयर बेचना शुरू कर देते हैं और इसे सुरक्षित जगह निवेश करते हैं। इससे बाजार में गिरावट आती है।



### एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन का इस्तीफा

एचडीएफसी बैंक के पार्ट-टाइम चेयरमैन और इंडिपेंडेंट डायरेक्टर अतनु चक्रवर्ती ने बुधवार देर रात अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इस वजह से आज इसके शेयर में 5.11% की गिरावट रही। ये 43 रुपए गिरकर 800 रुपए पर आ गया है।

चक्रवर्ती ने बैंक के कामकाज के तौर-तरीकों पर सवाल उठाए हैं। अपने इस्तीफे की वजह बताते हुए लिखा- ₹पिछले दो साल के दौरान मैंने बैंक के भीतर कुछ ऐसी घटनाओं और तौर-तरीकों को देखा है, जो मेरे व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिकता से मेल नहीं खाते।

**बाजार गिरने की 3 वजहें...**

- ■ अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध से सप्लाई चेन बिगड़ गई है।
- ■ कच्चे तेल के दाम बढ़कर 114 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गए हैं।
- ■ अमेरिका और एशियाई बाजारों में गिरावट का असर भारत पर।

### निवेशकों की वेल्थ एक दिन में 13 लाख करोड़ रुपए घटी

BSE में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन कल के 439 लाख करोड़ रुपए से घटकर आज 426 लाख करोड़ रुपए पर आ गया है। यानी सिर्फ एक दिन में निवेशकों की वेल्थ में 13 लाख करोड़ रुपए की कमी दर्ज की गई है।

### तीन बड़े बेंचमार्क के आधार पर पहचाना जाता है कच्चा तेल

दुनिया भर में कच्चा तेल मुख्य रूप से तीन बड़े बेंचमार्क के आधार पर पहचाना और बेचा जाता है, जिन्हें ब्रेंट, WTI और OPEC बास्केट कहते हैं। ब्रेंट क्रूड उत्तरी सागर (यूरोप) के समुद्री कुओं से निकलता है और दुनिया का दो-तिहाई तेल कारोबार इसी के भाव पर टिका है। वहीं WTI अमेरिका के जमीनी इलाकों से निकलता है और अपनी शुद्धता के कारण अमेरिकी बाजार का मुख्य मानक है। OPEC बास्केट सऊदी अरब, ईरान और इराक जैसे खाड़ी देशों के संगठन (OPEC) द्वारा उत्पादित अलग-अलग कच्चे तेलों का एक औसत मिश्रण है।

# अनिल अंबानी से सीबीआई की पूछताछ

## एसबीआई से ₹2,929 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से जुड़े 2,929 करोड़ के लोन फ्रॉड मामले में सीबीआई ने आज 19 मार्च को उद्योगपति अनिल अंबानी से पूछताछ की। अनिल अंबानी सुबह दिल्ली स्थित सीबीआई हेडक्वार्टर पहुंचे, जहां एजेंसी के अधिकारियों ने उनसे सवाल-जवाब किए।

सीबीआई ने पिछले साल अगस्त में अनिल अंबानी और आरकॉम के खिलाफ केस दर्ज किया था। एसबीआई की शिकायत के मुताबि-ककंपनी पर विभिन्न बैंकों का कुल 40,000 करोड़ से ज्यादा का बकाया था।

इसमें से अकेले एसबीआई को 2,929.05 करोड़ का नुकसान हुआ। सीबीआई ने इस मामले में



**■ 10 साल पुराना मामला, मैनेजमेंट में शामिल होने से इनकार**

आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

अनिल अंबानी के पक्ष का कहना है कि एसबीआई की यह शिकायत 10 साल से ज्यादा पुराने मामलों से जुड़ी है। जिस समय की यह बात है, उस समय अनिल अंबानी कंपनी के केवल नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर थे और वे कंपनी के रोजमर्रा के मैनेजमेंट या कामकाज में शामिल नहीं थे।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96